

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दे दी। इसके बाद ज्ञानवापी परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 207 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### केंद्र ने लैपटॉप और टैबलेट के आयात पर लगाया अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यूएसएफएफ) कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर अंकुश लगा दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात को तत्काल प्रभाव से अंकुश की श्रेणी में डाल दिया गया है। इस कदम का मकसद चीन जैसे देशों से आयात घटाना और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना है। इस अधिसूचना के मुताबिक शोध एवं विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग और मूल्यांकन, मरम्मत और वापसी तथा उत्पाद विकास के उद्देश्य से प्रति खेप अब 20 वस्तुओं तक आयात लाइसेंस की छूट रहेगी। किसी उत्पाद के आयात को अंकुश की श्रेणी में डालने का मतलब है कि उनके आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी।

### मणिपुर मुद्दा: गोयल और प्रह्लाद जोशी ने खड़गे से की मुलाकात

नई दिल्ली। मणिपुर मुद्दे पर संसद में चर्चा हो सके इसके लिए सत्ता पक्ष विपक्ष के साथ सहमति बनाने में लगा है। इस संबंध में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करने के लिए संसद भवन स्थित उनके दफ्तर पहुंचे थे। इस दौरान सत्ता पक्ष के दोनों नेताओं ने मणिपुर पर चर्चा को लेकर खड़गे से लंबी बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश की है। असल में विपक्ष मणिपुर मुद्दें पर लगातार चर्चा की मांग कर रहा है। विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में खुद मणिपुर मुद्दे पर जवाब दें। लेकिन सत्ता पक्ष का कहना है कि मणिपुर मुद्दें पर नियम के तहत गृह मंत्री अमित शाह जवाब देंगे। विपक्ष इस बात को मानने को तैयार नहीं है। इसलिए दोनों सदनों में इस मुद्दे को लेकर चर्चा नहीं हो पा रही है। अब सत्ता पक्ष विपक्ष के साथ मिलकर मुद्दे का समाधान निकालने की पहल में जुटा है। इस मुद्दे को लेकर खुद राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भीआज सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी।

# ज्ञानवापी का आज से होगा एएसआई सर्वे

## हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की, कहा- न्याय के लिए सर्वे जरूरी है

**इजाजत**

8 फैसले के बाद वाराणसी में एएसआई टीम और जिला प्रशासन की मीटिंग हुई, सुरक्षा चाक चौबंद की गई

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज करते हुए सेशन कोर्ट के आदेश का तत्काल पालन करने, यानी सर्वे शुरू करने का ऑर्डर दिया। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। फैसले के बाद वाराणसी में अरकटीम और जिला प्रशासन की मीटिंग हुई। डीएम एस. राजलिंगम ने बताया कि शुक्रवार से दोबारा सर्वे शुरू होगा। अदालत ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा है कि न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है। सर्वे करिए, लेकिन बिना खुदाई किए। विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य वादी पक्षकार राखी सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट में केविएट याचिका दाखिल कर दी गई है। उधर, मुस्लिम पक्ष के वकील मुमताज अहमद ने कहा कि वह अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने एएसआई से सुनवाई खत्म होने तक मस्जिद का सर्वे शुरू नहीं करने को कहा था। जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ से लगातार दो दिन बहस चली थी।



### क्या है ज्ञानवापी विवाद?

**ज्ञानवापी** परिसर के स्वामित्व को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल 5 याचिकाएं दाखिल हैं। राखी सिंह और तीन अन्य महिलाओं ने वाराणसी कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित स्वयंभू विश्वेश्वर नाथ मंदिर के स्वामित्व को लेकर सिविल वाद दायर किया है। वाराणसी जिला और सत्र न्यायालय ने इस मामले में 8 अप्रैल 2021 को ज्ञानवापी का एएसआई सर्वे कराने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ मस्जिद की इंतजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। तर्क है कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 के तहत सिविल वाद नहीं बनता है। हिंदू पक्ष का कहना है कि चूंकि भगवान विश्वेश्वर स्वयंभू हैं।

### 'ऐसे अनगिनत साक्ष्य जो हिंदू मंदिर बताते हैं'

**सीनियर** एडवोकेट हरिशंकर जैन ने कहा, "वहां ऐसे अनगिनत साक्ष्य मौजूद हैं जो बताते हैं कि यह एक हिंदू मंदिर था। एएसआई सर्वे से तथ्य सामने आएंगे। मुझे यकीन है कि असली 'शिवलिंग' वहां मुख्य गुंबद के नीचे छुपाया गया है। इस सच्चाई को छुपाने के लिए वे (मुस्लिम पक्ष) बार-बार आपत्ति जता रहे हैं। वे जानते हैं कि इसके बाद यह मस्जिद नहीं रहेगी और वहां भव्य मंदिर बनने का रास्ता साफ हो जाएगा।"

### 'आदिविश्ववेश्वर का जलाभिषेक करूंगी'

**किन्नर** महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के आदेश के बाद काशी विश्वनाथ पहुंचीं। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को सही बताते हुए इसे सत्य की जीत कहा। मंदिर गेट से शंखनाद किया।
इस दौरान कहा कि वह जल्द ही आदिविश्ववेश्वर का जलाभिषेक करेंगी। त्रिशूल लेकर हर-हर महादेव का जयघोष किया।




13वें ऑर्गन डोनेशन डे पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया शामिल हुए।

### अब दुश्मन के विमानों को नष्ट करने के बाद ही दम लेगी आकाश-एनजी मिसाइल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने आकाश एनजी मिसाइल प्रणाली का पहला रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर (आरएफ सीकर) डीआरडीओ को सौंप दिया। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ सीकर उत्पादन की क्षमता वाली वैश्विक कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गया है। यह रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश एनजी को सफलतापूर्वक किसी भी दुश्मन के विमान पर तब तक लॉक कर सकता है, जब तक वह नष्ट न हो जाए। डीआरडीओ ने 21 जुलाई को बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

## मजबूरी में हुआ इंडिया अलायंस का गठबंधन: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार रात को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 48 सांसदों के साथ मीटिंग की। रिपोर्ट्स के मुताबिक संसद की एनेक्सी बिल्डिंग में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा है कि गरीब ही सबसे बड़ी जाति है, उनके लिए काम करो। उन्होंने यह भी कि केंद्र सरकार ने आम लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। सरकार का लक्ष्य गैर-बीजेपी शासित राज्यों में राज्य मशीनरी की मदद के बिना इन योजनाओं का लाभ जनता को देना है। मीटिंग के दौरान विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मजबूरी में किया गया है। एक भी विपक्षी सांसद आपको इंडिया का मतलब नहीं बता सकता।
**लोकसभा चुनाव की एक्टिव प्रिपरेशन करें:** करीब एक घंटे तक चली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि जितना संभव हो सके अपने संसदीय क्षेत्र में रहें। उन्होंने सांसदों को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सक्रिय तैयारी शुरू करने की सलाह भी दी। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के 9 साल पूरे होने पर जो 'जन संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है, उसे लगातार आगे बढ़ाना है और पूरे जोश के साथ काम करना है क्योंकि चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं।
**एक दिन में 2 क्लस्टर की दो मीटिंग:** पीएम मोदी ने पहले महाराष्ट्र भवन में उत्तर प्रदेश के काशी और अवध क्षेत्र के एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। क्लस्टर-3 बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह और अनुप्रिया पटेल और महेंद्र नाथ पांडे शामिल हुए। क्लस्टर 4 की दूसरी मीटिंग में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप और लक्षदीप के सांसद मौजूद रहे।

**साधा निशाना**

8 प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा है कि गरीब ही सबसे बड़ी जाति है, उनके लिए काम करो

### सदन की कार्यवाही में सम्मिलित हुए लोकसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा अध्यक्ष गुरुवार को सदन की कार्यवाही में सम्मिलित हुए। वह दिल्ली से जुड़े विधेयक पर चर्चा की शुरुआत के दौरान सदन में उपस्थित रहे। इससे पहले कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें संरक्षक बताते हुए उनकी उपस्थिति का अनुरोध किया था। लोकसभा की कार्यवाही सुबह थोड़े समय चलने के बाद दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, एनसीपी की सुप्रिया सुले, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, बीएसपी के रितेश पांडे, भाजपा के राजेंद्र की से मुलाकात की और उनसे सदन में आने का आग्रह किया और सदन की गरिमा बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## मणिपुर के बिष्णुपुर में हिंसक झड़प, 17 लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर में** मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को तीन महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई। स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 17 लोग घायल हो गए।
रिपोर्ट के मुताबिक, बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने बफर जोन को पार करने का प्रयास किया। असम राइफल्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर महिलाएं सुरक्षाबलों पर पथराव करने लगीं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े। झड़प के बाद इंफाल और पश्चिमी इंफाल में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई है। मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लोगों के शव इंफाल और चुराचांदपुर के अस्पतालों की मॉच्युरी में रखे हैं। गुरुवार को चुराचांदपुर के लम्का शहर के तुईबोंग शांति मैदान में कुकी समुदाय के 35 लोगों के शवों को दफनाया गया।
**शवों को बाहर दफनाने की अफवाह फैली तो सुरक्षा बढ़ी:** बुधवार रात एक अफवाह फैली थी कि कुछ कुकी-जो लोगों के शव दफनाने के लिए बाहर ले जाए जा सकते हैं। इसके बाद इंफाल में रीजनल आयुर्विज्ञान संस्थान और जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान दो अस्पतालों के पास भीड़ जमा हो गई।



**हंगामा**

8 मैतेई समुदाय ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया, जवाब में असम राइफल्स ने हवाई फायरिंग की

## 370 पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन भी हुई सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जम्मू**-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन की सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले पांच जजों में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता है। इसके जवाब में जस्टिस खन्ना ने कहा कि इस आर्टिकल का सेक्शन ऐसा नहीं कहता। इसके बाद सिब्बल ने कहा, 'मैं आपको दिखा सकता हूं कि आर्टिकल 370 स्थायी है।' आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब अदालत ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।
**2 अगस्त- पहले दिन की कार्यवाही:** बुधवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि आर्टिकल 370 खुद ही अपने आप में अस्थायी और ट्रांजिशनल है। क्या संविधान सभा के अभाव में संसद 370 को निरस्त नहीं कर सकती? इस पर जवाब देते हुए सिब्बल ने कहा था कि संविधान के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर से 370 को कभी हटाया नहीं जा सकता।

**दलील**

8 कपिल सिब्बल की दलील- आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता, ये संविधान में स्थायी

## राजस्थान: गैंगरेप कर नाबालिग को भट्टी में जलाया

**टीम एक्शन इंडिया/भीलवाड़ा**
**राजस्थान** के भीलवाड़ा में 14 साल की नाबालिग को कोयला भट्टी में जला दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि इससे पहले उसके साथ गैंगरेप भी हुआ था। मामला जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात 10 बजे का है। घटना की जानकारी मिलने के बाद 4 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में 3 आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया है। नाबालिग के बड़े भाई ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे उसकी छोटी बहन बकरियां लेकर घर से निकली थी। शाम को करीब 3 बजे बकरियां घर लौट आईं, लेकिन बहन घर नहीं आई।



### कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार दिया है। उनका कार्यकाल 30 अगस्त को समाप्त होने जा रहा था। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने 1982 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी गौबा के एक साल के सेवा विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। गौबा को लगातार तीसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है।

## 'मणिपुर मामले पर बीजेपी फेल हुई'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**शिव** सेना (उद्धव गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार (2 अगस्त) को विधान भवन में मीडिया से बातचीत करते समय मणिपुर और हरियाणा की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।
उन्होंने कहा, मैं सोच रहा हूं कि क्या यही राम राज्य है। मणिपुर की राज्यपाल एक महिला है, फिर भी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। कहां है डबल इंजन सरकार।
उन्होंने कहा, मणिपुर में तीन महीने से तनाव की स्थिति है, जबकि सोमवार ( 31 जुलाई) को हरियाणा में भी दो गुटों में विवाद हो गया है। सरकार वहां क्या कर रही है। भाजपा अपने ही राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है, इसलिए ये हिंदू राष्ट्र नहीं है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन की मीटिंग को लेकर भी बोले, उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की मीटिंग अगस्त के आखिरी महीने या सितंबर की शुरूआत में हो सकती है।



**निशाना बनाया**

8 मणिपुर की राज्यपाल एक महिला फिर भी महिलाओं पर अत्याचार, ये हिंदू राष्ट्र नहीं

**बिल** स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे

## लोकसभा में दिल्ली बिल पास, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में दिल्ली अध्यादेश बिल पर बात रखी। शाह ने कहा कि 2015 में दिल्ली में जिस दल की सरकार आई, उसका मकसद सेवा करना नहीं, झगड़ा करना था। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार यानी 3 अगस्त को 11वां दिन था। लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। गृह मंत्री के बोलने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। शाह ने कहा कि मैंने तारीफ नहीं की। आपको लगता है तो मान लीजिए।
**सुबह सदन नहीं पहुंचे थे ओम बिड़ला:** लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला गुरुवार सुबह सदन नहीं पहुंचे थे। बताया गया कि वे नाराज हैं। स्पीकर 2 अगस्त को भी सदन में नहीं आए थे। जैसे ही 11 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर के आसन पर उनकी जगह राजेंद्र अग्रवाल ने सदन की अध्यक्षता की। कुछ समय बाद विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अग्रवाल से बिड़ला के बारे में बात की। कहा कि वे हमारे संरक्षक, हम उनके मुरीद हैं, हमारी अपील है कि वे वापस आ जाएं। इसके बाद दोपहर 2 बजे की कार्यवाही में ओम बिड़ला आसंदी पर बैठे। दिल्ली ना तो पूरी तरह राज्य है और ना ही पूरी तरह संघ शासित प्रदेश। संसद को आर्टिकल 239 अअ के तहत दिल्ली के मुद्दे पर संसद में कानून बनाने का अधिकार है। पं नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी (सी राजगोपालाचारी), राजेंद्र प्रसाद और डॉ. अंबेडकर ने इस बात का विरोध किया कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए। नेहरू ने कहा था कि दिल्ली में तीन चौथाई संपत्ति केंद्र सरकार की है, इसलिए इसे केंद्र के अधीन रखा जाए।



**आप को झटका**

8 एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है: अमित शाह

# कॉलोनियां शीघ्र होंगी वैध, कमेटी द्वारा डीटीपी को भेजा प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** शहर में नगरपालिका क्षेत्र के भीतर बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों में हरियाणा प्रबंधन नागरिक सुविधाओं के तहत नीति के अनुसार नियमित करने के लिए नगरपालिका की कमेटी द्वारा सर्वे कर कालोनी को पास होने के लिए जिला नगर योजनाकार विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है। अब नगर योजनाकार विभाग द्वारा प्रस्ताव मुख्यालय में कालोनियों के वैद्य होने के लिए भेज दिया जाएगा। उसके बाद अधिसूचना जारी होगी और पूरे जिले की सभी कालोनियों को वैद्य होने की सूचना घोषित की जाएगी। अवैध कॉलोनियों को वैध करने के उद्देश्य से बनाई गई जिला स्तरीय कमेटी की बैठक के बाद अवैध कॉलोनियों का प्रस्ताव कमेटी द्वारा जिला नगर योजनाकार विभाग को अंतिम रूप देकर भेज दी है। मुख्यालय में जाने के बाद विचार विमर्श के बाद राज्य स्तरीय कमेटी

**सुविधाएं**

**इन कॉलोनियों को विकसित करने, इनमें बिजली-पानी, गली जैसी सुविधाएं दी जाएगी**

इन कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय लेकर वैद्य करेगी। उसके लिए अधिसूचना जारी होगी। कॉलोनियां वैध होने के बाद पॉलिसी के अनुसार एक सुपरवाइजरी कमेटी बनाई जाएगी जो इन कॉलोनियों को विकसित करने, इनमें बिजली-पानी जैसी सुविधाएं देने का काम किया जाएगा। साथ ही यहां पर मौजूद प्लॉटों के नक्शे पास हो सकेंगे।

**अगले हफ्ते तक कालोनियों के वैध की उम्मीद, रिपोर्ट डीटीपी को भेजी : सचिव**

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने





बताया कि शहर की कालोनी वैद्य करने के लिए नगरपालिका कमेटी द्वारा रिपोर्अ तैयार करके जिला नगर योजनाकार विभाग को भेज दी है। वैद्य होने वाली कालोनी में नगरपालिका द्वारा सभी सुविधाएं दी जाएगी।

**शहर में 2004 से अब तक 24 कालोनी हुई वैद्य : एमई राहुल मोर**

- नगरपालिका के एमई राहुल मोर ने बताया कि 2004 में इससे पहले शहर की 11 कालोनी वैद्य हुई थी। उसके बाद 2013 में 7 कालोनी वैद्य हुई। 2018 में 2 कालोनी वैद्य हुई। उसके बाद 2023 में अब कई कालोनियों के वैद्य होने की पूरी सम्भावना है।

**कालोनी वैद्य का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा, अधिसूचना जारी होने के बाद होगी घोषणा : डीटीपी**

- जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि कालोनी वैद्य की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर नगरपालिका ने वीरवार को उनके कार्यालय में भेजी है। अब उक्त प्रस्ताव को विभाग सरकार को भेजेगा। उसके बाद कालोनी वैद्य की अधिसूचना जारी होगी। उसके बाद पूरे जिले की कालोनियों को वैध होने की घोषणा की जाएगी।

## नूंह-मेवात में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का रखा मौन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि (1069) अम्बाला छावनी की मीटिंग अम्बाला कैन्ट में हुई समिति में सदस्यों ने नूह ओर मेवात में हुई घटना में जिन लोगो की मृत्यु हुई है उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा । समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने नूह मेवात में हुई घटना की निंदा की ओर दंगाईयो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए और लोगो से प्रदेश में अमन शांति बनाए रखने की अपील की है। समिति के महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने कहा कि हरियाणा एक शांत प्रिय प्रदेश हैं और आपसी भाईचारे का प्रदेश हैं यहाँ पर सभी धर्मों ओर जातियो के लोग रहते हैं हमारे प्रदेश की अमन ओर शांति बनाए रखे भाईचारे को खराब मत करे । मीटिंग में राजेश गोल्डी शर्मा, सुरेश कौशिक,सतीश शर्मा, शशिकांत पराशर,पंडित दीपलाल जयपुरी, यादविंदर शर्मा, रविंदर बिल्ला शर्मा,राजीव शर्मा, अतुल शर्मा, सुरिंदर राजू शर्मा और अन्य सदस्य माजूद रहे।

## खालसा कॉलेज पंजोखरा साहिब में नयें सैशन की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरा साहिब में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ व अरदास के साथ नए सत्र क शुभारंभ किया जिसमे कॉलेज के सभी विद्यार्थी शामिल हुए । इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. सुखदेव सिंह ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट के मेंबर तरविंदर पाल सिंह का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत किया । तरविन्दर पाल सिंह ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझे किये तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और बताया कि कालेज में बीए, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, एमकॉम, पीजीडीसीए, एमए (पीबी) स्ट्रीम मे एडमिशन जारी है। इस मौके

**प्रेरणा**

**तरविन्दर पाल सिंह ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझे किये तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी**

पर सरदार मंजीत सिंह, सरदार इंदरपाल सिंह डॉ. राम कुमार सैनी डॉ. नीना कौशिक प्रो.अमरिंदर सिंह प्रो .परवीन कौर, प्रो. नवजोत कौर , प्रो मनीषा मान , प्रो. जगजोत कौर , प्रो. सहजप्रीत कौर प्रो.रीतू , प्रो. गुरिंदर कौर ,प्रो रमनदीप सिंह , प्रो हरसिमरन बैंस प्रो.अमनदीप कौर और तेजिंदर कौर मौजूद रहे।

## सरपंच के बेटे भूपिंदर ने स्कूल में सफाई की



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** खंड नारायणगढ़ के गांव खानपुर राजपूताना के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सरपंच अमरजीत कौर के बेटे भूपिंदर सिंह ने एक वर्कर को साथ लेकर घास की कटाई कर साफ सफाई की। मुख्याध्यापक सुरिंदर धीमान ने बताया कि भारी बारिश के समय विद्यालय के रख रखाव में भी उन्हें सरपंच महोदया व ग्रामीणों की ओर से पूर्ण सहयोग मिला। उन्होंने विद्यालय को अपना सहयोग देने के लिए सरपंच अमरजीत कौर, सरपंच प्रतिनिधि बलदेव सिंह, पूर्व सरपंच सुशील शर्मा, रिटायर्ड हेड मास्टर नेत राम, पूर्व सरपंच मोहिंदर सिंह व भूपिंदर सिंह का आभार व्यक्त किया।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान करवायेंगे पोधारोपण

**निर्देश**

**मुख्य सचिव ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत रमेश कुमार**
आजादी का अमृत महोतसव के तहत राष्ट्र को समर्पित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिद्गत हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रोत्साहन दिया कि इस कार्यक्रम को जनभागीदारी के देशभक्ति की भावना से मनायें। उपायुक्त ललित सिवाच ने सभी दिशा-निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि देशभक्ति की भावना के साथ यह कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। विडियो कान्फ्रेंस में विशेष रूप से शामिल सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की विस्तृत रूप में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 9 से 14 अगस्त तक प्रदेशभर में गांव-गांव में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तर पर भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और इसका समापन दिल्ली में कलश यात्रा के साथ संभावित तिथि 30 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ होगा। विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ललित सिवाच ने



मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत व छोटे-बड़े शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गांवों में गौरवपट्टिद्दका स्थापित करवाई जाएगी, जिस पर प्रधानमंत्री के संदेश के साथ वीर शहीदों के नामों का उल्लेख किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की कोई भी व्यक्ति सेल्फी ले सकता है, जिसे संबंधित वैबसाईट पर अपलोड किया जाएगा। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी करवाया जाएगा। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में
75 पौधों का रोपण किया जाएगा। गांवों की मिट्टद्दी कलश में एकत्रित की जाएगी, जिसे फिर दिल्ली लेकर जाएंगे। जहां कलश यात्रा का आयोजन होगा। इस दौरान वीरों का वंदन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नेहरू युवा केंद्र का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस का भी आह्वद्वान किया कि वे बढ़-चढकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लें।

**13 से 15 अगस्त तक मनायेंगे हर घर तिरंगा कार्यक्रमः**

उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गत वर्ष की भांति इस बार भी सभी सरकारी बिल्डिंगों में राष्ट्रीय ध्वज लहराया जाएगा। आम जनमानस की इस कार्यक्रम में विशेष भागीदारी रहेगी। गांवों तथा शहरों में भी घरों में तिरंगा लगवायेंगे, जिससे राष्ट्रीय एकता को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा यह कार्यक्रम भव्य होगा। जनभागीदारी से हर घर तिरंगा लगवायेंगे। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, जिला परिषद के सीईओ डा. सुशील मलिक, डीडीपीओ राजपाल सिंह, एक्सईएन कुलवीर सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, दीपिका शर्मा, पीओ संगीता गौड़ आदि अधिकारी मौजूद थे।

## मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन, हरियाणा अंबाला जोन द्वारा लोक निर्माण विभाग अंबाला कैंट के कार्यालय में अपनी मांगों की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए सांकेतिक धरना लगाया गया ।
यह सांकेतिक धरना राज्य कार्यकारणी द्वारा एसोसिएशन की मांगों को सरकार से पूर्ण करवाने की रणनीति के अनुसार लगाया गया। यह सांकेतिक धरना राज्य कार्यकारणी की रणनीति के अनुसार हरियाणा राज्य के सभी ज़िला (जोन) में लगाया गया । इसी तरह अंबाला जिला (जोन) में जिला प्रधान जतिंदर सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभाग जैसे कि लोक



निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, मार्केट कमिटी बोर्ड, नगर निगम, पंचायत विभाग एवं अन्य सभी विभागों के कनिष्ठ अभियंता और उपमंडल अधिकारी सभी धरने में शामिल हुए। ज़िला प्रधान जतिंदर सिंह ने बताया कि सभी कनिष्ठ अभियंता और उपमंडल अधिकारी दिन के 24 घंटे पब्लिक की परेशानियों को दूर करने के लिए अपने कर्तव्य का पालन करते रहते हैं, परंतु

**मांग**

**यदि सरकार इन सभी मांगों पर गौर कर इन्हें पूर्ण नहीं करेगी तो राज्य कार्यकारणी की रणनीति के अनुसार आगे भी कार्यवाही की जाएगी**

हमारी कुछ वेतन विसगतियां हैं जिनकी जानकारी उपायुक्त महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री तक पहुंचा दी गई है । यदि सरकार इन सभी मांगों पर गौर कर इन्हें पूर्ण नहीं करेगी तो राज्य कार्यकारणी की रणनीति के अनुसार आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

## सेठ राधाकृष्ण आर्य का गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**आर्य प्रतिनिधि सभा के यशस्वी प्रधान एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सेठ राधाकृष्ण आर्य को हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा हरियाणा रेडक्रास मैनेजिंग कमेटी का सदस्य मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर सेठ राधाकृष्ण आर्य ने चंडीगढ़ राजभवन में महामहिम राज्यपाल से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया और स्वामी दयानन्द सरस्वती कृत अमर ग्रन्थ सत्यार्थप्रकाश उन्हें भेंटस्वरूप प्रदान किया। आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पहुंचे सेठ राधाकृष्ण आर्य का प्रधान राजकुमार गर्ग, एडमिस्ट्रेटर रामनिवास आर्य, निदेशक ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार, प्राचार्य सुबे प्रताप, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य सहित धर्मसिंह, अनिल कुमार, अशोक कुमार, महक सिंह, दिलबाग सिंह आदि द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। सेठ राधाकृष्ण आर्य ने

**आभार**

**सेठ राधाकृष्ण आर्य ने चंडीगढ़ राजभवन में महामहिम राज्यपाल से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया**

कहा कि महामहिम राज्यपाल ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसका पालन करेंगे और लोगों की सेवा के लिए हम समय तत्पर रहेंगे। बता दें कि सेठ राधाकृष्ण आर्य पिछले 35 वर्षों से आर्य वीर दल से जुड़े हैं और वर्तमान में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान पद को सुशोभित कर रहे हैं। सेठ राधाकृष्ण आर्य भारतीय संस्कृति के पोषक एवं सच्चे गोसेवक हैं। उनके दिन के शुरूआत यज्ञ, हवन और गोसेवा से होती है, रेडक्रास सोसायटी का सदस्य मनोनीत होने से निश्चय ही समाज के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

## बेसहारा मां व बेटे को भरतपुर अपना घर आश्रम भेजा गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
समाजसेवी आनंद शर्मा ने बताया कि 9 वर्ष पहले बेटा कावड़ लेने हरिद्वार गया था जिसको आते वक्त एक्सीडेंट हो गया और जो पैरालाइज स्थिति में आ गया उसकी मां लोगों के झाड़ू पोछा बर्तन करके पैसा इकट्ठा करती और अपने बेटे का इलाज करवाती जिसका घर भी अपना नहीं था एक डॉक्टर ने इन मां बेटे को एक कमरा दे दिया जिसमें यह करीब 4 साल तक रहे किसी कारण उसे डॉक्टर की मौत हो गई और महीने 2 महीने बाद डॉक्टर के घरवाली ने इसे किराया मांगना शुरू कर दिया जिसके कारण यह किराया देने में असमर्थ है । इन्होंने वह मकान छोड़ दिया और



दूसरे मकान में चले गए वहां बीन की स्थिति ऐसी ही रही साल डेढ़ साल में वहां से भी यह छोड़कर चले गए। उसके बाद यह दहिया कॉलोनी सोनीपत में किसी भले आदमी ने इनको एक कमरा दिया जिसमें यह दोनों मां बेटा अपना गुर्जर बसर कर रहे थे। हमारी टीम के सदस्यों सब इंस्पेक्टर जगत सिंह व लाल सिंह ने जब इनका पता लगा तो यह दोनों सज्जन इस मां बेटे की सहायता में जुट गई और दवाइयां घरेलू सामान इनको उपलब्ध करवाना शुरू कर दिया ।जानकारी ली तो पता लगा की मकान मालिक ने इस 9 साल के दौरान दो बार इन्होंने घर बदलना पड़ा अब जाकर यह तीसरी किराए के मकान में रह रहे थे। आज के हालात को देखते हुए सुनने में खूब आता है के बच्चे अपने मां बाप को

**मदद**

**डॉक्टर की मौत हो गई और महीने 2 महीने बाद डॉक्टर के घरवाली ने इसे किराया मांगना शुरू कर दिया**

बुढ़ापे में अकेला छोड़ देते हैं मगर इस मां की कहानी को देखते हुए यह लगता है कि आज भी हमारे आसपास में ऐसी माताएं हैं जो अपने बच्चों के लिए सब कुछ न्योछावर करने को तैयार है इस महिला ने तो वह मिसाइल कायम कर दी के पूत कपूत सुने हैं पर ना माता सुनी कुमाता।

## तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को चपेट में लिया, मौत

**सोनीपतः** सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को चपेट में ले लिया। हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव भदाना निवासी दलजीत सिंह ने बताया कि उनका गांव में ही महारानी पब्लिक स्कूल है। वह सुबह के समय अपने स्कूल के बाहर खडा था। इसी दौरान गांव भदाना का राजकुमार (40) साइकिल से खेड़ी दहिया गांव की ओर से आया था।

## आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर फिर से कुरुक्षेत्र के हर घर पर लहराया जाएगा तिरंगाः शांतनु

**मुआयना**

**अभियान के तहत आमजन को जोड़ना होगा साथ, आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किए जाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
3 अगस्त उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर एक बार फिर से कुरुक्षेत्र के हर घर पर तिरंगा लहराया जाएगा। यह कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त 2023 तक विशेष अभियान के तहत चलाया जाएगा। इस अभियान के साथ कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को साथ जोड ?ा



होगा। यह तमाम कार्यक्रम आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किए जा रहे है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए है ।उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को लघु सचिवालय एनआईसी कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव संजीव कौशल और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी उपायुक्त को आदेश भी दिए है। उपायुक्त ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर शुरू किए गए आजादी का अमृत कार्यक्रम का 16 से 25 अगस्त के बीच राज्य स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि इससे पहले राज्य के हर व्यक्ति में राष्ट्रीय भावना प्रेरित करने के उद्देश्य से 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम में घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी झंडे लगाए जाऐंगे। इसके लिए झंडे की व्यवस्था सस्ते राशन की दुकानों पर उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। इन कार्यक्रमों एनवाईके, स्वयं सहायता समूहों, रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशनों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नेताओं को भी शामिल किया जाए। इस मौके पर डीएमसी अश्विनी मलिक, जिला परिषद के सीईओ अशोक मुंजाल, नप ईओ देवेंद्र नरवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

हरियाणा सरकार

G20 भारत 2023 INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

"विभिन्न प्राधिकरण राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। मैं प्रभावित इलाकों के लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं।"

– नरेन्द्र मोदी



# बाढ़ से प्रभावित नागरिकों को राहत देने हेतु ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित

घर की क्षति का मुआवजा

फसल की क्षति का मुआवजा

पशुधन की क्षति का मुआवजा

शहरी क्षेत्रों की कमर्शियल (व्यावसायिक) संपत्ति का मुआवजा

नूहं में हुई सामूहिक हिंसा के दौरान हुए संपत्ति के नुकसान का मुआवजा




https://ekshatipurti.haryana.gov.in/

अधिक जानकारी के लिए
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा

अथवा

क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## न्यूज फ्लैश

### उपायुक्त ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिले में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं तथा नो फिजिबल कार्यों की रिपोर्ट डीसी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान डीसी अनीश यादव ने कहा कि विकास कार्यों से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यदि किसी कार्य को शुरू करने में बजट से संबंधित कोई दिक्कत आती है तो वह समय रहते इसकी सूचना दें, ताकि सरकार से इसके लिए फंड की मांग की जा सके। उन्होंने मूणक गांव में परचेज सेंटर, निगदू में बस अड्डा बनाए जाने, नीलोखेड़ी में बस अड्डे की जमीन, करनाल एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल जैसे एक-एक कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो मुख्यमंत्री घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं, उनकी रिपोर्ट तत्काल डीसी कार्यालय में भिजवाएं। इसके साथ-साथ जो विकास कार्य जारी हैं, उनके निर्माण की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में सीटीएम अमन कुमार, डीआरओ श्याम लाल, सिविल सर्जन विनोद कमल, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, रोडवेज जीएम कुलदीप सिंह, एक्सईएन पंचायती राज परमिंदर, बिजली निगम के एक्सईएन धर्म सुहाग व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 136वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## विद्यालय के 100 मीटर के क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों को चेतावनी देकर हटवाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**रेलवे रोड** स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय 136वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मोहन लाल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आरंभ हुआ। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद शैली में नशे जैसी भयंकर बुराई पर चर्चा करते हुए उन्हें नशे के प्रभावों बारे अवगत कराया। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी हुक्का और इ-हुके की ओर आकर्षित होकर अपने जीवन को नष्ट करने में तुली हुई है। विद्यार्थियों से बातचीत के माध्यम से नशे के बारे में उनके विचारों को जानकार उन्हें विभिन्न



स्थानों पर नशे के कारण हो रही घटनाओं का वर्णन करते हुए बताया कि नशे के कारण किस प्रकार परिवार उजड़ रहे हैं।

नशा के दो रूप होने का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि नशा दोनों ही अवस्थाओं में मनुष्य के लिए घातक है। ड्रग्स के बारे में बताते हुए कहा कि

**नशे के खिलाफ...**

**ब तक 520 से अधिक लोगों का नि:शुल्क नशा मुक्ति केंद्र में उपचार कराया है। कार्यक्रम विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई**

अधिकतर ड्रग्स देश में विदेशों से आ रही है और भारत सरकार हर प्रकार से नशा मुक्त भारत करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार नशा मुक्त हरियाणा को लेकर ठोस कार्य कर रही है। फलस्वरूप हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया गया है। पिछले वर्ष हरियाणा सरकार द्वारा अनेक ऐसे नशा तस्करों की संपति पर पीला पंजा चलाया है जो नशे तस्करी में संलिप्त थे। उनकी संपति को जब्त करने के उपरांत अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि 9050891508 पूरे हरियाणा के लिए हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं दे सकता है और नशा छोडने वाले भी इस पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अब तक 520 से अधिक लोगों का निःशुल्क नशा मुक्ति केंद्र में उपचार कराया है। कार्यक्रम विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के मध्य विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए। उचित उत्तर देने वाले विद्यार्थी को सम्मानित किया गया और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के 100 मीटर के क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेचने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में नियमों की उल्लंघना करने पर समुचित करवाई की जाएगी।

## एकीकृत ऑनलाइन किसान प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कृषि एवं** किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ आदित्य प्रताप डबास की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में एकीकृत ऑनलाइन किसान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यालय की ओर से आरके मेहता ने अध्यक्षता की तथा इस कार्यशाला में करीब 100 किसानों ने भाग लिया। डॉक्टर आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि यह ऑनलाइन पोर्टल हिताची एमजीआरएम द्वारा बनाया जा रहा है। कंपनी की ओर से अंकुर गुप्ता ने आए हुए पंजीकृत किसानों को पोर्टल के बारे में प्रशिक्षित किया तथा उनके ही मोबाइल में लिंक भेजकर पोर्टल



उपयोग के बारे में सिखाया। जिन किसानों ने प्रश्नोत्तरी में भाग लिया उनको ई सर्टिफिकेट भी जारी किए गए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोर्टल को परखना था, क्योंकि एकीकृत ऑनलाइन पर किसान प्रशिक्षण का उद्देश्य हरियाणा राज्य के लगभग एक लाख किसानों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित करना है।

## प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ीः सुमिता सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और इस लहर में मौजूदा सरकार का आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।

वह आज बहादुर चंद कालोनी व पालम कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने लोगों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 6 अगस्त को होने जा रहे जन मिलन कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि इस जन मिलन कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



उदय भान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा जनता से रूबरू होंगे 6 अगस्त को करनाल के एसबीएस मॉडल स्कूल रेलवे रोड में शाम 4रू00 बजे जनता से मिलेंगे। वह जन शिकायतों व समस्याओं को सुनने के लिए आ रहे हैं। कोई भी व्यक्ति जन मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी बात रख सकता है।

सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन व गलत नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है और हुड्डा शासनकाल को याद कर रहा है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। कांग्रेस सरकार के समय गैस का सिलेंडर 350 रुपए हुआ था तो भाजपा नेता सिर पर रखकर प्रदर्शन करते थे। अब सिलेंडर का दाम 1100 रुपए के पार चला गया है तो भाजपा नेताओं की बोलती क्यों बंद हो गई? उन्होंने कहा कि सरकार आसमान छूती महंगाई से कराह रही जनता को राहत देने की बजाय पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं पर टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही है। उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है और देश व प्रदेश में एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

बंसी सिसोदिया, सुरेंद्र नरवाल, राकेश पाल, अजय पाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनिंदर सिंह, हिमांशु नरवाल, शैलेंद्र पाल, प्रभजोत सिंह वड़ैच, सौरव पाल, गुरप्रीत, साहिल, मनिंदर सिंह और अशोक मान इत्यादि मौजूद रहे।

## बेंगलुरु में योग कक्षा आरंभ करना रहा अच्छा अनुभवः वीना धीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में बेंगलुरु में एक महीना पहले योग कक्षा आरंभ की गई। मुख्य संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि मिशन की योग शिक्षिका वीना धीर का बेंगलुरु से वापस आने पर फव्वारा पार्क सेक्टर बारह योग कक्षा में स्वागत किया गया। उन्होंने वीना धीर द्वारा कक्षा शुरू करने पर उन्हें बधाई दी और उत्साहवर्धन किया।

दिनेश गुलाटी ने कहा कि वीना धीर के दृढ़ निश्चय और बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के कारण ही यह



संभव हो पाया। मिशन की टीम के अन्य शिक्षकों ने उन्हें हार पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। योग साधकों ने उन्हें फूलों के गुलदस्ते भेंट किए। इस अवसर पर योग शिक्षक निधि गुप्ता, नीलम बठला, वीना सेठ, बरखा जिंदल और नवीन जिंदल मौजूद रहे।

## सर्वधर्म पीस कमेटी की हुई बैठक

**पानीपतः** उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया एवम एसपी अजीत सिंह शेखावत ने वीरवार को लघु सचिवालय में शहर के धर्म प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों के साथ सर्वधर्म पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर उनसे अपील की कि प्रशासन की ओर से जिला में धारा 144 लगाई गई है इसलिए कहीं भी ज्यादा भीड़ इकी ना करें और अफवाहों पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहां की माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से भी दिशा निर्देश दिए गए हैं की किसी भी तरह के दंगा भड़काने वालों और हेट स्पीच देने वालों को फौरी तौर पर गिरफ्तार किया जाएगा।

## चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 6 आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से चोरी का सामान शेट्रिंग की प्लेटे, लोहा काटने का कटर, दो गैस सिलेंडर और वारदात में प्रयोग किया गया टाटा एस व मोटरसाइकिल बरामद की गई है। चोरी के पहले मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर इंद्री से आरोपी राजेश कुमार उर्फ राजू पुत्र लक्ष्मण दास वासी समालखी थाना शाहाबाद कुरुक्षेत्र, धीरज कुमार उर्फ मंगू पुत्र रघुवीर सिंह वासी कठवा थाना शाहाबाद कुरुक्षेत्र और अमित कुमार उर्फ गोल्डी पुत्र मेसो राम वासी कोली माजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच के दौरान एक व्यक्ति राजेंद्र कुमार पुत्र रणधीर सिंह वासी दयाल नगर न्यू रणजीत नगर बर्फ फैक्ट्री थाना शाहबाद कुरुक्षेत्र, जिसके द्वारा आरोपियों से चोरी का सामान खरीदा गया था, को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 22 हजार रुपए नगद, शेट्रिंग की प्लेटें, लोहा काटने का कटर और वारदात में प्रयोग किया गया टाटा एस एचआर-65ए 3312 बरामद किया गया। पुलिस जांच मे पाया गया कि आरोपियों द्वारा हरविंदर वासी बरसैल की दुकान भादसो चौंक से शेट्रिंग का सामान चोरी किया था। इस संबंध में थाना इंद्री में नामालुम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और जल्दी पैसा कमाने व नशापूर्ति के लिए चोरी करते हैं। आरोपी पहले भी चोरी और हेराफेरी के मुकदमों में कुरूक्षेत्र जेल में रह चुके हैं।

चोरी के दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर तेज सिंह उर्फ शक्ति पुत्र शीतल वासी रहड़ा असंध, अभिषेक पुत्र सुरेंद्र पाल वासी समालखी थाना शाहबाद कुरुक्षेत्र, विक्रम उर्फ विक्की पुत्र कृष्णलाल वासी समालखी थाना शाहाबाद कुरुक्षेत्र को इंद्री के पास से गिरफ्तार किया गया। इनसे दो गैस सिलेंडर व वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## वृक्षों के बिना हमारा अस्तित्व असंभवः सुरेश सैनी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में कुलपति सुधीर राजपाल के निदेर्शानुसार ईओ सुरेश सैनी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। एमएचयू के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया। पौधारोपण में सभी ने बढ़-चढकर भाग लेकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

ईओ सुरेश सैनी ने बताया कि वृक्ष हमें जीवन प्रदान करने वाली आक्सीजन प्रदान करते हैं, जिसके बिना हमारा अस्तित्व असंभव हैं। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पेड़ बनने तक देखभाल करनी



चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन का आधार होते हैं, यदि हमें पर्यावरण को बचाना है तो इसके लिए पहले वृक्षों को बचाना है। वृक्षों के बिना मानवता के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। डा. सोनिया ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे प्रकृति का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। वृक्षों के आसपास रहना स्वास्थ्यवर्धक हैं।

क्योंकि वे दिन के दौरान भरपूर आक्सीजन देते है। गर्मी के दिनों में पेड़ भरपूर छायादार क्षेत्र देते हैं और शहर को ठंडा रखते हैं। हम सबको मिलकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लेकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।

सुपरिटेंडेंट प्रदीप राणा ने बताया कि वृक्षारोपण से हमारी धरती का श्रृंगार होता हैं, बिना पेड़ पौधों के कोई भी स्थान निर्जीव सा लगता है। पेड़ हमारे पर्यावरण से हानिकारक कार्बन डाई आक्साइड को ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते है, जो हर जीव के जीवन के लिए सबसे पहली जरुरत है। यही नहीं वृक्ष भूमि कटाव को भी रोकते हैं।

मुकेश, देवेंद्र सचदेवा, अमित सैनी, प्रवीन, सुमन, अनु, सोनम, मीनू, राकेश सैनी, विकास रोहिला, जोगिंद्र सिंह, नरेंद्र सैनी, सुभाष छाबड़ा, रवि, मलकीत, अमन, संदीप सहित अन्य मौजूद रहे।

# देश के वीर शहीदों के परिजनों को किया जाएगा सम्मानित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ग्राम पंचायत व नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिका के वार्डो में विभिन्न विषय जैसे शिलाफलकम का समर्पण, पंच प्रण शपथ, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन तथा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा और इसकी सैल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। उक्त कार्यक्रमों की सेल्फी अपलोड करने के उपरांत पोर्टल से ही प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। उपायुक्त ने बताया कि 16 अगस्त से 20 अगस्त तक खंड स्तर अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।



जिसके तहत बीडीपीओ कार्यालय में एक कलश रखा जाएगा। जिसमें प्रत्येक गांव से मिट्टी लाकर डाली जाएगी। उस कलश को ब्लॉक से एक युवा जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लेकर आएगा और फिर वह दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगा। सरकार द्वारा इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव का थीम माटी को नम्र, वीरों को वंदन रखा गया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। उपायुक्त ने वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी-मेरा देश अभियान को जिला में सफल बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों की बैठक ली और उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में आजादी के महोत्सव की झलक बड़े उत्साह और उमंग के साथ दिखाई देनी चाहिए। स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्रीय पर्व है, उसी देश भक्ति के जोश के साथ इन पर्व को गरिमा पूर्ण ढंग से मनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांव व वार्ड में मुनादी करवाई जाए। इसके अलावा स्थानीय जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक गतिविधियों की फोटोग्राफ व सेल्फी को पोर्टल पर अपलोड अवश्य करवाया जाए। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर/पंचायत स्तर/नगर पालिका/नगर निगम में आयोजित होने वाले कार्यकर्मो में समस्त सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में माटी का सस्वर गायन, नागरिक संगठनों, उद्योग व्यापार मंडल, नागरिक सुरक्षा संगठन, आदि के स्वयं सेवकों एवं एनसीसी/एनएसएस की प्रभात फेरी व तिरंगा यात्रा विद्यालयों में स्लोगन लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, शहीदों स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, स्वतंत्रता सेनानियों/शहीद सैनिकों के परिजनों का सम्मान किया जाए। इसके अलावा पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत विद्यालयों में आजादी के नायकों पर आधारित एक अभिनय प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जाएं। उन्होंने बताया कि पंचायत विभाग द्वारा पंचायत प्रमुखों के साथ आउटरीच सत्र का आयोजन करवाया जाए। प्रत्येक गांव में पौधा वितरण, स्वयं सहायता समूहों से मिट्टी के दीयों व कलश को खरीदा जाए।

## संपादकीय

# आचार की मजबूरी और विचार की लाचारी

**आजकल** निजी पारिवारिक जीवन और सार्वजनिक सामाजिक जीवन के तेजी से बदलते परिवेश में जिस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है वे भयावह हैं और निःसंदेह मनुष्य होने के मूल भाव को ही तिरस्कृत तथा अपमानित करने वाले जैसे लग रहे हैं। पिछले दिनों प्यार करना, लिव इन में रहना और फिर उसी प्रियजन की बर्बर हत्या की घटनाएं देश के कई कोनों से आईं। ऐसे ही पत्नी द्वारा प्रेमी की सहायता से पति की जान लेने जैसी भयानक वारदात की खबरें भी आती रही हैं। दुष्कर्म में व्यक्ति और समूह के स्तर पर लिप्त होने की भी घटनाएँ बढ़ रही हैं। ये सभी अंधे-अधूरे स्वार्थ के लिए रिश्तों की गहराती टूटन और आपसी भरोसे को कलंकित करने वाली घटनाएँ हैं। चिंता की बात यह है इस तरह की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वे बार-बार और जगह-जगह हो रही हैं। इन सबके बीच आज हमारा सामाजिक ताना-बाना असहज होता जा रहा है और उसमें गाँठें पड़ रही हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति देश के सार्वजनिक जीवन में भी घटित होती दिख रही है। देश के अनेक क्षेत्रों में ऐसी घटनाएँ हो रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए पश्चिम बंगाल से विभिन्न मौकों पर आहटें आ रही थीं कि किस तरह तात्कालिक राजनैतिक हित की खातिर द्वेष की आग में लोग झुलस रहे थे। ऐसे ही जंगलराज की ओर वापसी की खबरें बिहार से भी आ रही थीं। छत्तीसगढ़ में भी इस तरह की घटनाएँ हो रही थीं। प्रकट राजनैतिक हित के आगे सामाजिक सद्भाव, आपसी समझदारी और भरोसा बनाए रखने की जरूरत को भरसक नजर अन्दाज किया जाता रहा है। पूर्वोत्तर भारत के कला-संस्कृति से सम्पन्न मणिपुर में हुई ताजी हिंसा और दुराचार की अमानवीय घटनाओं की जो जानकारी सामने आ रही है वह समाज और सरकार दोनों में गहरे पैठी जड़ता, अविश्वास और घोर निष्क्रियता को उजागर कर रही है। इस घटना की जितनी भी निंदा और भर्त्सना की जाए वह कम होगी । इन जटिल परिस्थितियों के बीच मणिपुर की कानून व्यवस्था चरमरा गई और आम जनों में भय और दहशत की स्थिति व्याप्त होती गई। गौरतलब है कि मैतेयी और कुकी दोनों समुदायों की अस्मिता (या पहचान) और उससे जुड़े हितों को न समझना और उपेक्षा करना खतरनाक साबित हुआ। नए ज्ञान-विज्ञान, उद्योग, बाजार और तकनीक से लैस करती आधुनिकता की सबसे बड़ी सौगात अकेली अपनी अस्मिता का आविष्कार करना है। इसके असर में मनुष्य अब अधिकाधिक अस्मिताजीवी होता जा रहा है और एक जैसी अस्मिताएँ यदि आपस में जोड़ती हैं तो दूसरे समुदायों या ह्यगैरह्ण से तोड़ती भी हैं। हम अपने समुदाय को श्रेष्ठ और दूसरे को खराब साबित करने में जुट जाते हैं। इस दौड़ के अगले पड़ाव में दोनों अस्मिताओं वाले लोग एक दूसरे के दुश्मन होने लगते हैं।

वे उन बड़ी (और शायद पुरानी पड़ती) अस्मिताओं जैसे- मनुष्य होना या भारतीय होना को भूलने लगते हैं। बड़ी अस्मिताओं के साथ जुड़ना और अपने को पहचानना साझेदारी पर टिकी होती हैं और उनमें परस्पर निर्भरता और पूरकता का रिश्ता होता है। ऐसे में सहयोग तथा संवाद का जरिया बन जाता है पर अलग और खास होती अस्मिताएँ तकरार का कारण बनती हैं। मणिपुर की स्थिति निश्चय ही जटिल है और उसके कई कारण हैं।

# युद्ध किसी भी समस्या का कभी भी समाधान नहीं

सुनील कुमार महला

> आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन, अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे ?बिना शर्तों के शांति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है। युद्ध के चलते दुनिया भर में आज पैट्रोल, ऊर्जा संकट व खाद्यान्नों का खड़ा हुआ है। यूक्रेन गेहूं का एक बड़ा उत्पादक देश है और युद्ध के कारण अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट लगातार गहरा रहा है

**युद्ध** किसी भी समस्या का कभी भी स्थाई समाधान नहीं होता है। युद्ध में केवल और केवल विध्वंस है,आग है,धमाका है,खून है, चीत्कारें हैं। युद्ध मानवहीनता की पराकाष्ठा है, वास्तव में युद्ध करूणा का अंत है। युद्ध के विरूद्ध केशव शरण अपनी एक कविता' युद्ध महान् 'में कुछ यूं लिखते हैं-'अपना रथ भी दौड़ाऊं,बाण भी चलाऊं और जीत भी लूं युद्ध महान् ,मेरी सैन्य-सुविधाएं क्या यही भगवान ! मैं वीर गति को प्राप्त हो जाऊं और पाऊं स्वर्ग में स्थान, इस सांत्वना के अलावा और कुछ नहीं भगवान !' रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ वर्ष का लंबा समय हो गया है। यह ठीक है कि दोनों देशों में वर्चस्व, सम्मान और स्वाभिमान की लंबे समय से जंग जारी है, लेकिन युद्ध से आखिर होगा क्या ? युद्ध से नुकसान ही नुकसान हैं, कोई फायदा नहीं।

आज भी दोनों देशों में से कोई भी देश झुकने को और पीछे हटने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा न केवल रूस और यूक्रेन को बल्कि दुनिया के लगभग लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस युद्ध में न तो कोई जीत रहा है न ही कोई हार रहा है। दिसंबर 2022 में ही यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक यह बात सामने आई थीं कि , यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। दिसंबर 22 के ही आंकड़ों के अनुसार रूस भी युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है।अमेरिका-यूरोप-यूक्रेन और रूस के लिए युद्ध के अपने-अपने मायने हैं और नफे-नुकसान हैं। लेकिन, कुल मिलाकर बात यह है कि पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। करीब 32 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) का खर्च तो दिसंबर 22 तक ही हो चुका और इसके बाद तो सात महीने का और समय बीत चुका है तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस युद्ध पर कितना अधिक खर्च हो चुका है।जाहिर है, यूक्रेन को युद्ध का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ा है। भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति श्रृंखला, महंगाई और बेरोजगारी



जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ तो दिसंबर 22 तक ही पड़ा है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि 24 फरवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक रूसी हमलों में यूक्रेन का 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। भारतीय करंसी में ये रकम 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठती है। आज स्थिति यह है कि युद्ध के कारण शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। पर्यावरण का कितना अधिक नुकसान हुआ है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध में अब तक

हजारों लाखों लोगों की जानें जा चुकी है और हजारों लाखों लोग युद्ध के कारण विस्थापित हो चुके हैं। यहां तक कि लोगों की भोजन, ईंधन, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें तक पूरी नहीं हो पा रही है और वे युद्ध की वजह से जीवित रहने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 24 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया था।

यूक्रेन की स्थिति तो यह है गई है कि यूक्रेन आने वाले पचास सालों में भी युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पायेगा, हालांकि युद्ध से रूस भी बरसों पीछे चला गया है और उसका भी नुकसान यूक्रेन से कमतर नहीं आंका जा सकता है। इस युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित और अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। यूक्रेन द्वारा रूस पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं लेकिन इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में जो बयान दिया है उसे गम्भीरता से लिया जाना चाहिए और युद्ध को समाप्त करने की कोई न कोई पहल जरूर की जानी चाहिए। यह बहुत ही संवेदनशील है कि रूसी सेना यूक्रेन के आत्मसमर्पण करने से पहले हमले रोकने को तैयार नहीं है, वही यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अंतिम सांस तक मुकाबला करने, लड़ने की कसम खाई है। सच तो यह है कि यूक्रेन को नाटो देशों से मिल रहे हथियारों ने युद्ध को लंबा खींचने में बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन जो भी हो इस युद्ध को रोका जाना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। हालांकि युद्ध के संबंध में पुतिन का यह कहना है कि वे कभी भी शांति पहल के खिलाफ नहीं रहे हैं लेकिन जब यूक्रेन की सेना बड़े पैमाने पर उनके देश पर हमले कर रही हों तो रूस की सेना युद्ध विराम कैसे कर सकती है ?

आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन,अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे बिना शर्तों के शांति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है।

युद्ध के चलते दुनिया भर में आज पैट्रोल, ऊर्जा संकट व खाद्यान्नों का खड़ा हुआ है। यूक्रेन गेहूं का एक बड़ा उत्पादक देश है और युद्ध के कारण अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट लगातार गहरा रहा है। आज सोमालिया, कीनिया, इथियोपिया और दक्षिण सूडान जैसे देशों में पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा सहायता की जरूरत है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस यूक्रेन युद्ध से मध्य पूर्व के कुछ देशों में भी खाद्य असुरक्षा पैदा हुई है और खाद्यान्न की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला है। मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों में ही नहीं संपूर्ण विश्व में खाद्यान्न कीमतों में इस युद्ध के कारण बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। विश्व के अनेक देशों में युद्ध से गरीबी और भूख में इजाफा हुआ है। ऊर्जा व्यापार, कमोडिटी व्यापार, सेवाएं और यात्रा, निवेश और वित्त पर असर पड़ा है। इतना ही नहीं इस युद्ध के कारण आज संपूर्ण विश्व दो गुटों में बंट चुका है। सच तो यह है कि रूस यूक्रेन युद्ध को यदि तुरन्त नहीं रोका गया तो इससे विश्व शांति को गम्भीर खतरा पैदा हो जाएगा। रूस यूक्रेन के साथ ही अब अमेरिका एवं नाटो देशों को भी? अपनी जिद और दंभ छोड़ने की जरूरत है। अमेरिका और नाटो देशों की यह बहुत बड़ी भूल है कि वे यूक्रेन को सैन्य सहायता ,गोला बारूद व हथियारों की सप्लाई करके रूस से युद्ध जितवा देंगे।

यूक्रेन को भी नाटों में शामिल होने की महत्वकांक्षा को त्याग देना चाहिए और वार्ता की मेज पर आना चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि '...दृश्य देख विध्वंश का धरती भय से थरार्ती है,स्वयं काल की काया भी यह चित्र देख घबराती है।'

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**

## कविता

### प्रियदर्शिनी

देख तोय मृदु लोचन भए...!
कहन को तोय अनुराग,
मोरो मन व्याकुल होए।
देख तोरे नयन कारे ,
दिन में रात होए।
देख तोए मृदु लोचन भए ...!
भाल पे तोरे हिमालय के ,
दर्शन मोय होए,
देख चलत तोय।
मोय नर्मदा के ध्यान होए,
देख तोय मृदु लोचन भए...!
कहन को जो सब मन चाहे तोय,
पर मन में त्रास भरो है मोय।
ना जाने कैसे मिलन अपनो होय,
सो आज शब्द दए मोने कविता में पिरोए।
देख तोय मृदु लोचन भए...!

योगेश पटेल

# क्यों बन रहीं हैं हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली फिल्में

आर.के. सिन्हा

**आपको** न जाने कितनी इस तरह की फिल्में मिल जाएंगी जिनमें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को अपमानित होते हुए या गलत तरीके से पेश किये जाते हुए दिखाया गया है। यह किनके इशारे पर हो रहा है कसमझ नहीं आता कि अब हमारे यहां सार्थक फिल्में क्यों नहीं बनती? इसी तरह से बच्चों की पृष्ठभूमि पर फिल्में बनाना क्यों फिल्मकारों ने छोड़ दिया है? कुछ फिल्म वाले हिंदू धर्म और हिंदू धर्म के आराध्य देवी-देवताओं के साथ बार-बार खिलवाड़ करके पता नहीं क्या साबित करना चाहते हैं ? राम भारत की आत्मा में है। भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है ही कहकर मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है कउन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म आदिपुरुष बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं ।उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ। सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने आदि पुरुष को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म पीके को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेताहशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था ? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म काली की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है क जिस दिन हिन्दू भी ईश निंदा के मसले पर गंभीर हो जायेगा, तब हिन्दुओं का मजाक उड़ाने वालों का क्या होगा, यह सोचने की बात है जरा सोचिए कि जिस देश में 80 फीसद से अधिक हिंदू रहते हैं वहां पर ये गटर छाप फिल्में दिखाई जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कंट्रोवर्सी खड़ी करने के लिए जानबूझकर फिल्मों के कंटेट को हिंदू विरोधी बनाया जाता है। कुछ साल पहले अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम ने एक अध्ययन किया था। उन्होंने दावा किया था कि बॉलीवुड की फिल्में हिंदू धर्म के खिलाफ लोगों के दिमाग में धीमा जहर घोल रही हैं। फिल्मों के शैदाइयों को कई अन्य फिल्में भी याद आ जाएंगी जिनमें कला की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती रही। मैं यहां सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा हैं की खासतौर पर चर्चा करना जरूरी मानता हूं। इस फिल्म में पाकिस्तान की भारत विरोधी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) को भारत की हमदर्द एजेंसी के रूप में पेश किया गया था। तो क्या कुख्यात आईएसआई का हृदय परिवर्तन हो गया? क्या वह भारत की दोस्त और शुभचिंतक बन गई है? टाइगर जिंदा है की संक्षेप में कहानी का सार यह है इराक में भारत की नर्से कट्टरवादी इस्लामिक संगठन आईएसआईएस के कब्जे में आ गई हैं। उन्हें मुक्त करवाने के अभियान में भारत की सक्षम खुफिया एजेंसी रॉ का आईएसआई सहयोग करती है। इससे अधिक झूठ कुछ नहीं हो सकता। दिन को रात कहना कहां तक सही माना जाए? टाइगर जिंदा है को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। फिल्म हिट हुई थी। उसने तगड़ा बिजनेस भी किया था। पर सवाल वही है कि क्या आप क्रिएटिव फ्रीडम की आड़ में कुछ भी दर्शकों को पेश कर देंगे? क्या सेंसर बोर्ड सोया हुआ था, जिसने टाइगर जिंदा है को प्रदर्शन की अनुमति दे दी?

## विचार

# छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती है हिंसा

डॉ सत्यवान सौरभ

**बुद्धिमान** लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं। संघर्ष के प्रति बुद्धिमान दृष्टिकोण लड़ाई या हिंसा में शामिल होने से पहले योजना बनाना और रणनीति बनाना शामिल है, जबकि अज्ञानी दृष्टिकोण परिणामों या संभावित परिणामों पर विचार किए बिना केवल लड़ना या हिंसा करना है। अर्थात बौद्धिक विचार यह है कि किसी स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन करके और सूचित निर्णय लेकर, कोई भी व्यक्ति शारीरिक युद्ध या हिंसा का सहारा लिए बिना जीत हासिल कर सकता है। यह उद्धरण सलाह देता है कि बुद्धिमानी ऐसी स्थिति को पहले से ही भांप लेने में है जो हिंसा में बदल सकती है और फिर इससे बचने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।

क्या होता है जब हिंसा को टाला नहीं जा सकता? जब कूटनीति के प्रयास विफल हो जाते हैं, तब भी दुश्मन की ताकत और कमजोरियों का आंकलन करके दूसरे पक्ष पर तुरंत काबू पाने के लिए हिंसा को टाला जा सकता है। दुश्मन या विपक्षी को भ्रमित करने और उनके संसाधनों को बर्बाद करने के लिए धोखे और झूठ का भी इस्तेमाल किया जाता है। हिंसा को कानून-व्यवस्था के मसले जैसा समझने के बजाय, इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौती के तौर पर लिया जाये। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। जो लोग हिंसा के पीड़ित होते हैं, उनके हिंसा करने की आशंका बढ़ जाती है। "हिंसा को ठीक उसी तरह रोका जा सकता है, जैसे गर्भधारण से जुड़ी चुनौतियां, काम के दौरान लगने वाली चोटों या संक्रामक बीमारियों को रोका जाता है। "दिक़्क़त ये है कि दुनिया भर में हिंसा से सख़्ती से निपटने की सोच हावी है। इसलिए हिंसक घटनाओं पर हंगामा होते ही, नेता हों या जनता, सख़्त कानून की मांग करने लगते हैं। इंसान अक्सर जोखिम भरा बर्ताव करता है, खतरों से खेलता है। जैसे कि नुकसान पता होने के बावजूद स्मोकिंग करना या फिर पेट भरने के बावजूद ज्यादा खाना। बिना एहतियात बरते सेक्स करना। डॉक्टर हमेशा कहते हैं कि इलाज से बचाव बेहतर है। यानी किसी मर्ज़ को होने से ही रोका जाए। लेकिन, जब बात हिंसक बर्ताव की आती है, तो, इससे निपटने का एक ही तरीका लोग बताते हैं, कानून सख़्त बना दो। जैसे हाल ही में 12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान। या फिर भीड़ की हिंसा से निपटने के लिए सख़्त कानून बनाने पर हमारे देश में विचार चल रहा है। हिंसा को इंसान का जन्मजात बर्ताव मान लिया गया है, जिसे बदला नहीं जा सकता। सोच यही है कि जो लोग हिंसा करते हैं, उन्हें सही रास्ते पर नहीं लाया जा सकता। इसलिए सख़्त कानूनों की बात ही की जाती है। लेकिन, सख़्त कानूनों से बात बनती होती, तो कब की बन जाती। सऊदी अरब और ईरान में कई जुर्मों के लिए मौत की सजा है। मगर अपराध तब भी नहीं रुकते। भारत में भी कई अपराधों के लिए मौत की सजा मिलती है। मगर वो जुर्म अब भी होते हैं। हिंसा से किस प्रकार बचा जा सकता है? आज देश के जातीय दंगों के संदर्भ में, यह उद्धरण दो समुदायों के बीच संघर्षों को सुलझाने में कूटनीति और बातचीत के महत्व पर प्रकाश डालता है। हिंसा का सहारा लेने के बजाय, जिसके सभी संबंधित पक्षों के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, बुद्धिमान नेता बातचीत और समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। प्रायः पड़ोसी राज्यों या धार्मिक समुदायों के बीच संघर्ष अक्सर होते रहते हैं, इसलिए हिंसा की घटनाओं को कम करने की दिशा में क्षेत्रीय एकीकरण एक महत्वपूर्ण प्रगति है। दोनों पक्षों के पारस्परिक लाभ के लिए विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने की संभावना के बारे में निर्णय लेने वालों की अनभिज्ञता के कारण अक्सर दंगा या हिंसा होती है। इस प्रकार यह संभव है कि सामुदायिक विवादों के निपटारे के लिए वैकल्पिक, शांतिपूर्ण तकनीकों को विकसित और संस्थागत बनाकर और राज्यों को उनका उपयोग करने के लिए राजी करके दंगों की रोकथाम में योगदान दे सकते हैं। इसे राजनीतिक, क्षेत्रीय या राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें प्रत्येक इकाई यह स्वीकार करती है कि किसी एक की सुरक्षा भी सभी की सामूहिक चिंता है। अतः वे खतरों और शांति के उल्लंघन के प्रति सामूहिक प्रतिक्रिया के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार, देश में में चल रहे जातीय संघर्ष को देखते हुए यह उद्धरण समकालीन समय के लिए प्रासंगिक है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्ची जीत ज्ञान और दूरदर्शिता के साथ संघर्षों से निपटने और हिंसा से बचने के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने से हासिल की जाती है। इसके अलावा, इसे न केवल हिंसा के लिए बल्कि रोजमर्रा के संघर्षों और चुनौतियों पर भी लागू किया जा सकता है। साथ ही, यह उद्धरण सफलता प्राप्त करने के लिए तैयारी, ज्ञान और दूरदर्शिता के महत्व पर भी जोर देता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# मणिपुर संघर्ष व कम्युनिस्ट चीन की भूमिका !

भूपेन्द्र भारतीय

**मणिपुर** में मैतेई व कुकी जातियों का संघर्ष लंबे समय से चल रहा है। इसकी पृष्ठ भूमि 1968 के वर्ष से मानी जाती है। तब कांग्रेस सरकार ने कुकी जाति को आधिकारिक रूप से मणिपुर में बसाया जाने के लिए समर्थन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। इन दो जातियों के बीच का संघर्ष राज्य के लिए अशांति का बड़ा कारण है । लेकिन उसके पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही है। ऐसा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी कहा है और उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में चल रही हिंसा में चीन की भूमिका हो सकती है, उन्होंने कहा कि "विदेशी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता"।

खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, मणिपुर समेत नार्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर भारत) में सक्रिय उग्रवादियों को बड़ी संख्या में चीनी हथियार पहुंचाए जा रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को शक है कि चीन के बने इन हथियारों का इस्तेमाल मणिपुर में आशांति फैलाने के लिए भी किया जा रहा है। इन तीन माह के संघर्ष के पहले भी मणिपुर में कई उग्रवादी संगठनों के तार चीनी एजेंसियों से जुड़े पाए गए हैं। उनसे चीनी हथियार भी पाए गए हैं। इन उग्रवादियों से जुड़े लोग चीन में जाकर प्रशिक्षण तक लेकर आये हैं और भारत के इस सुंदर प्रदेश को बड़ी हानि पहुंचाते रहे हैं। विश्व के अधिकांश देश जानते हैं कि चीन के अपने किसी भी पड़ोसी देश से अच्छे संबंध नहीं है। वह एक बिगड़ैल व विवादास्पद पड़ोसी देश है। ऐसे में मणिपुर संघर्ष व हिंसा में कम्युनिस्ट चीन का हाथ होना सामान्य सी बात है। मीडिया खबरों की माने तो खुफिया एजेंसियों से ऐसे चीनी हथियारों की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं जिनका इस्तेमाल उग्रवादी गुट मणिपुर समेत पूर्वोत्तर भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय उग्रवादी गुटों के पास जिस तरह से चीनी हथियार पहुंच रहे हैं वो चिंता की बात है। और मणिपुर हिंसा व संघर्ष में कम्युनिस्ट चीन की सीधी सीधी भूमिका दिख रही है। मणिपुर में उग्रवादी गुट इन्हीं हथियारों की मदद से हिंसा फैलाने की जानकारी मिल रही है।

# मजबूरी कैसी-कैसी

डॉ. सुरेश कुमार

**अब** क्या बतावें भाई साहब, हँसने बैठते हैं तो समझ में नहीं आता कि शुरू किससे करें । कोई एक बात हो तो सलीके और संस्कार के साथ हँस लेवें इन्सान । यहाँ तो बरात लगी पड़ी है ससुरी । लोग जिस तरह औंधी खोपड़ी से नाच रहे हैं ना वैसा तो आज तक देखा नहीं हमने । कहने को कह रहे हैं आगे बढ़ो, दुनिया आगे बढ़ रही है, विकास हो रहा है ! फिर कहते हैं पीछे चलो बाप-दादा पुकार रहे हैं, पीछे सब अच्छा है !! अरे समझ में नहीं आता है कि आगा अच्छा है या पीछा !! जिसे देखो पगला रहा है ... ना ना हम राजनीति की बात नहीं कर रहे है और न ही करेंगे । हमें क्या करना है, इस बेरोजगारी में तो सर पे जो भी खड़ा होता है भारी ही दीखता है । कुर्सी पे कोई सच्चा-साधु बैठे या लुच्चा झलबार हमें क्या । आज जिन्दा हैं तो यहाँ आपके लिए श्याम भैया हैं कल मर कर फिर पैदा हुए तो कौन जाने करीम चाचा हो जाएँ । लोग तो कहते हैं लाखों योनियाँ हैं, आदमी कुत्ता बिल्ली भी हो सकता है ।

आदमी ही बनेंगे इसकी कोई गैरंटी है क्या ! इसलिए राजनीति की बातें करके हम काहे अपना और आपका कीमती समय बरबाद करें ! ... अब देखिये, आप इतनी गौर से बात सुन रहे हैं तो किसलिए ! कोई डर है हमारा ? या कोई कर्जा लिए हो हमसे ? ... अरे भाई इंसानियत लिए हो इसलिए दुःख बाँट रहे हो हमारा । वरना ढूंढ लीजिये यहाँ से वहां तक कोई अपनी इच्छा से किसी की मन की बात सुनता है क्या ? बकवास सुनाने का समय ही नहीं है किसी के पास । घर में बूढ़े अपना पसेरी भर समय लिये बैठे हैं सारा सारा दिन कोई चुटकी भर बाँटने वाला नहीं मिलता । एक जमाना था जब मिलने वाले फूल लिए खड़े रहते थे । ... लेकिन छोड़िये पुरानी बातें । ... हाँ तो हम कह रहे थे आत्मा जो है सूखी जाती है । बच्चों को पढ़ाये लिखाये इसलिए थे कि इनकी जिंदगी बन जाएगी । ये इन्सान बन जायेंगे, कुछ हमारी भी सदगति हो जाएगी । अब जब धरम करम का समय आया तो फुग्गे उड़ गए आकाश में । दो लाइन का फादर्स-डे वेक्सिन ठोंक देते हैं, सोचते हैं साल भर बाप को औलादी बुखार नहीं चढ़ेगा ।

# परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार का हुआ स्वागत

## 'स्वर्गीय ताऊ देवीलाल के नारे को साकार करेंगे, बिजली पानी का प्रबंध करेंगे-भ्रष्टाचार खत्म करेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**परिवर्तन पदयात्रा** आपके द्वार वीरवार को 152वें दिन जिला करनाल के हलका घरौंडा के कैलरो से शुरू हुई और बसताडा, घरौंडा, फुरलक और सटौंडी होते हुए गगसीना पहुंची। इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला का गांव वासियों ने ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। इनेलो नेता ने गांव वासियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें भरोसा दिलाया कि इनेलो की सरकार बनने पर सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।



अपने संबोधन में अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार ने किसान, कमेरा, कर्मचारी और युवा समेत सभी वर्गों का बुरा हाल कर दिया है। वे अपनी 150 दिन की यात्रा के अनुभव से कह सकते हैं कि लोगों ने अब इनेलो की सरकार बनाने का मन बना लिया है। इनेलो की सरकार बनते ही चौ. देवीलाल आवास योजना के तहत गरीबों को 100-100 गज के प्लॉटों पर पक्के मकान बना कर देंगे। साथ ही पढ़े लिखे बच्चों को सरकारी नौकरी देंगे। अगर किसी कारणवश युवा को नौकरी नहीं मिलती तो उसे 21 हजार रूपए महीना बेरोजगारी भत्ता देंगे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चौ. देवीलाल और चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने जिस हरियाणा को

**सुनीं समस्याएं**

**इनेलो नेता ने गांव वासियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जाना**

लोकलाज से चलाया था आज भाजपा गठबंधन सरकार ने सांप्रदायिक उन्माद फैला कर उसे तहस नहस कर दिया है। शहर हो या गांव हर जगह अराजकता का माहौल बना दिया गया है। आज एक बार फिर से हरियाणा को लोकलाज से चलाने का समय आ गया है जब हम स्वर्गीय ताऊ देवीलाल के नारे को साकार करेंगे, बिजली पानी का प्रबंध करेंगे, भ्रष्टाचार खत्म करेंगे। इनेलो नेता ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या तुम परिवर्तन करना चाहते हो तो सभी ने अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर सहमति दी। इनेलो नेता ने कहा कि परिवर्तन करने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है और आप सभी घर बैठे ही परिवर्तन कर सकते हो इसके लिए जब भी किसी से मिलो तो राम-राम करने के साथ-साथ कहो कि परिवर्तन करो। साथ ही जब भी गांव का कोई भाजपा या कांग्रेस का आदमी तुम्हें मिले तो उसे हमेशा राम-राम करने के साथ तीन बार कहो ह्यपरिवर्तन करो। वो बार-बार परिवर्तन का नाम सुनने से इतना परेशान हो जाएगा कि अपने घर पर जाकर एक ही बात कहेगा कि परिवर्तन करो।

# अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन का होगा नवीनीकरण



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला शहर रेलवे** स्टेशन का जल्द ही करोड़ो रूपए की लागत से कायाकल्प किया जाएगा। इसको लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां पर 6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विडियो कांफ्रेंसी के जरिये शिलान्यास किया जाएगा। जिसमें अनेक गणमान्य लोग भाग लेंगें। इस कार्यक्रम को लेकर शहर रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी भी तैयारियां करते नजर आए। वहीं अधिकारियों ने बताया कि करोड़ो रूपए की लागत से यहां पर नवीनीकरण किया जाएगा। जिसमें यात्रियों के बैठने के लिए बैंच, बिल्डिंग का बाहरी ढांचा सहित अनेक कमरों आदि का नवीनिकरण होगा।
अंबाला मंडल के अधीन लगभग 16 छोटे-बड़े रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प किया जाएगा। 6 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आनलाइन माध्यम से भारत के स्टेशनों पर होने वाले कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इस संबंध में अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें गणमान्य सहित सभी प्रशासनिक और रेलवे अधिकारी मौजूद रहेंगे।
अंबाला रेल मंडल द्वारा विशेष योजना तैयार कर ली गई है रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होने से यात्रियों को भी भारी फायदा होगा। अंबाला मंडल रेल प्रबंधक मनदीप सिंह भाटिया ने बताया की 6 अगस्त को प्रधानमंत्री देश के 508 रेलवे स्टेशन का

**सुविधाएं**

**जिसमें यात्रियों के बैठने के लिए बैंच, बिल्डिंग का बाहरी ढांचा सहित अनेक कमरों आदि का नवीनिकरण होगा**

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आनलाइन शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि मंडल के स्टेशनों को 16 रेलवे स्टेशनों शामिल किया गया है जिनमें धुरी, पटियाला ,संगरूर, मलेरकोटला ,अमरोहा ,आनंदपुर साहिब, नंगल डैम, रूपनगर, आलम दौरा, सरहिंद, अंबाला शहर, सहारनपुर यमुनानगर जगाधरी, मोहाली, कालका, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन शामिल है अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत अंबाला मंडल के अंतर्गत करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे उन्होने बताया की इसके लिए 1000 करोड़ का बजट है सभी कार्यों के टेंडर हो चुके है शिलान्यास के बाद काम शुरू हो जाएगा । उन्होने बताया की 511 करोड रुपए की चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्य किया जाएगा, अंबाला शहर के लिए 22 करोड़ का बजट है। जबकि 450 करोड रुपए की लागत से अन्य रेलवे स्टेशन पर कार्य होगा। 20 करोड़ रूपए प्रत्येक रेलवे स्टेशन खर्च किया जाएगा। जिसमें यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने से लेकर अनेक योजनाएं शामिल की गई है।

**न्यूज फ्लैश**

## पानीपत के वार्ड तीन से आम आदमी पार्टी ने की बिजली आंदोलन की शुरूवात



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया आप के जिला** अध्यक्ष राकेश चुघ ने पार्टी कार्यकताओं के साथ बृहस्पतिवार को वार्ड तीन के तहसील कैंप से पार्टी द्वारा हरियाणा में चलाये जाने वाले बिजली आंदोलन का शुभारंभ किया। इस मौके पर वार्ड तीन की कई कालोनियों में आप कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को बिजली के बिलों को लेकर अवगत करवाया गया। राकेश चुघ व कार्यकताओं ने कालोनी वासियों को बताया कि दिल्ली व पंजाब में लोगों के घरों के बिजली के बिल जीरो आते है और वहां पर बिना कोई कटों के बिजली मिलती है। जबकि पानीपत सहित हरियाणा राज्य में लोगों के कई-कई हजार बिजली के बिल आते है और लोगों को बिजली भी बार-बार कट लगके ही मिलती है। राकेश चुघ ने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे हरियाणा में बिजली आंदोलन चलाया गया है और पानीपत जिला में भी इसकी शुरूवात की गई है जोकि अगले माह 7 सितंबर तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में पानीपत व समालखा के सभी वार्डो और जिला के सभी गांवों में घर-घर जाकर पार्टी कार्यकताओं द्वारा लोगों को बिजली बिलों को लेकर जानकारी दी जाएगी कि हरियाणा में महंगी बिजली होने पर कितने ज्यादा बिल आते है और हरियाणा के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को फ्री बिजली मिलती है, जिससे उनके बिजली के बिल जीरो आते है। राकेश चुघ ने कहा कि बिजली आंदोलन के दूसरे चरण में बिजली के बिलों को लेकर लोगों से सीधा जन संवाद किया जाएगा जबकि आंदोलन के तीसरे चरण में महंगे आने वाले बिजली के बिलों की होली जलाई जाएगी। राकेश चुघ ने कहा कि पूरे पानीपत जिला में बिजली आंदोलन को हर वार्ड व हर गांव में चलाने को लेकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं की डयूटियां लगाई जा रही है। इस अवसर पर नीलम परणामी, दीपक बगा,शालु परणामी व असद आदि मौजूद रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर फिर से कुरुक्षेत्र के हर घर पर लहराया जाएगा तिरंगा: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**उपायुक्त शांतनु** शर्मा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर एक बार फिर से कुरुक्षेत्र के हर घर पर तिरंगा लहराया जाएगा। यह कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त 2023 तक विशेष अभियान के तहत चलाया जाएगा। इस अभियान के साथ कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को साथ जोड ?ा होगा। यह तमाम कार्यक्रम आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किए जा रहे है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए है ।उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को लघु सचिवालय एनआईसी कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव संजीव कौशल और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी उपायुक्त को आदेश भी दिए है। उपायुक्त ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर शुरू किए गए आजादी का अमृत कार्यक्रम का 16 से 25 अगस्त के बीच राज्य स्तरीय समापन समारोह आयोजित किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि इससे पहले राज्य के हर व्यक्ति में राष्ट्रीय भावना प्रेरित करने के उद्देश्य से 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम में घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी झंडे लगाए जाऐंगे। इसके लिए झंडे की व्यवस्था सस्ते राशन की दुकानों पर उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। इन कार्यक्रमों एनवाईके, स्वयं सहायता समूहों, रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशनों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नेताओं को भी शामिल किया जाए। इस मौके पर डीएमसी अश्विनी मलिक, जिला परिषद के सीईओ अशोक मुंजाल, नप ईओ देवेंद्र नरवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सब्जियों के बाद अब किराना ने भी रसोई का बजट बिगाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** में एक बार फिर से सब्जियों के दाम में उछाल आया है। जिसके चलते घर की रसोई का जायका बिगड़ गया है। दिन-प्रतिदिन सब्जियों के दामों में हो रही बढ़ोत्तरी को लेकर लोग भी परेशान है। लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि इस बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाए। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी की हॉल सेल मण्डी में टमाटर के दाम 110 प्रति किलो थे जबकि बाजार में यह 200



रुपए प्रति किलों की दर से बिक रहा है तो वहीं अदरक और लहसुन के दाम भी आसमान छू रहे हैं। अदरक भी बाजार में 200 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। इसी प्रकार गोभी 30 रुपए, आलू 10-15 रुपए, प्याज 10 रुपए, अरबी 15 रुपए, तौरी 13 रुपए, गाजर 10 रुपए, लौकी 15 रुपए, धनिया 200 रुपए की दर से बिक रही है। हालांकि इसका मुख्य कारण पहाड़ों में हो रही बरसात का कारण बताया जा रहा है। वहीं यह भी पता लगाया जा रहा है कि हिमाचल में हुए लैंड स्लाइड के कारण आज मण्डी में हिमाचल से आने वाली सब्जियां नहीं आ रही है जिसके चलते भी सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहे है।

## मुख्य सचिव ने सभी जिला उपायुक्तों से किया विचार-विमर्श

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**मुख्य सचिव** संजीव कौशल ने वीरवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों से बातचीत कर कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत आगामी 9 से 14 अगस्त तक प्रत्येक गांव की मिट्द्टी एक कलश में इक्कठी कर उसे जिला स्तर पर लाया जाएगा और उन कलशों को दिल्ली भेजा जाएगा। जिससे सम्बंधित कार्यक्रम में 30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना सम्बोधन देंगे। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं महानिदेशक सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा तथा संस्कृति विभाग डा. अमित अग्रवाल ने अभियान के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों को कर्मचारियों को 5 प्रण करवाए जाएगें। पंचायत स्तर पर मिट्टी यात्रा के दौरान अमृत सरोवर के नजदीक देश, प्रदेश के वीरों, सेनानियों को याद करते हुए विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना सहित पंच प्रण करवाए जाऐं। उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष तौर पर कलश बनवाए जा रहे हैं।

# छावनी में अतिक्रमण हटाने गई परिषद टीम का हुआ विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के सदर बाजार क्षेत्र में नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची जिस पर इस टीम को भारी विरोद्ध का सामना करना पड़ा। अतिक्रमण हटाने वाली टीम का कहना था कि पहले भी कई बार दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण हो रहा है। नालों के उपर थड़े बना लिए गए हैं। दुकानदारों के साथ-साथ राजनेता भी प्रशासन की इस कार्यवाही का विरोध करने पहुंचे।
उधर, नगर परिषद की कार्रवाई की



भनक लगते ही आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा और इनेलो नेता ओंकार सिंह मार्केट में पहुंचे। उन्होंने भी अचानक कार्रवाई करने का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि अभी तक दुकानदार बाढ़ से उभरे नहीं थे कि नगर परिषद कार्रवाई करने आ गई। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि दुकानदारों को बार-बार अवैध अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बावजूद दुकानदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे।

## देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है तिरंगा: उपायुक्त

**पानीपतः उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र** कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सभी भारतीयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये हम सभी को देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है और राष्ट्रीयता तथा देशभक्ति की भावना का वहन करता है। उपायुक्त ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के हर घर में शान के साथ तिरंगा उत्सव मनाया जायेगा। उपायुक्त ने बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में यह हर घर तिरंगा उत्सव मनाया जायेगा। आम व्यक्ति इस उत्सव में शामिल होकर अपने घर पर तिरंगा लहरा सकता है।

# मजदूर सांघ ने मांगों को लेकर अनिल विज के माध्यम से सीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अनुबंधित** कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ द्वारा अनिल विज के माध्यम से मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खटटर के नाम जिला अध्यक्ष मनीष कुमार द्वारा ज्ञापन दिया गया। इस दौरान जिले में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष कंवर पाल अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा, जिला सचिव दविन्द्र सिंह, जिला कायाकारिणी सदस्य ईशान व पूर्व प्रदेश सचिव संदीप कुमार, अम्बाला युनिट प्रधान नरेश कुमार नारायणगढ़ सब युनिट



प्रधान, संजीव कुमार शहजादपुर सब युनिट प्रधान जितेंन्द्र सब युनिट सचिव महेश कुमार सब युनिट उप प्रधान नरेन्द्र कुमार इत्यादि सभी मौजूद रहे। गोपाल धीमान व कार्यालय सचिव रमन सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा, सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ आपके सादर संज्ञान में लाना चाहता है कि विद्युत विभाग में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारीयों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर पत्राचार के माध्यम से मुख्यमन्त्री एवं विभाग के अधिकारीयों को बार बार अवगत करवाया जा चुका है परंतु अब तक कर्मचारीयों की मांगो एवं समस्याओं का कोई भी समाधान नहीं हुआ और ना ही संघ को समस्याओं के समाधान के लिए बैठक का समय दिया गया। अगर 10 अगस्त तक बैठक बुलाकर कर्मचारीयों की मांगो एवं समस्याओं का कोई समाधान नही तो 15 अगस्त को जहां भी मुख्यमन्त्री का ध्व्जारोहन होगा वहां कार्यकर्ता काले झण्डों से मुख्यमन्त्री का स्वागत करेंगे। मुख्य मांगे ये हैं।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुँचाने का रास्ता हुआ साफ

## मेयर निखिल मदान ने किसानों, वाप्कोस विभाग के अधिकारियों और निगम अधिकारियों के साथ मौके का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर** निखिल मदान वीरवार को ककरोई रोड पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने नगर निगम द्वारा पश्चिमी यमुना लिंक नहर से पाइपलाइन के जरिये महलाना रोड वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यू टी पी ) तक पानी पहुँचाने के कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद मेयर निखिल मदान ने बताया कि ककरोई रोड पर खेतों के सामने पाइपलाइन बिछाने का कार्य किसानों के विरोध के चलते रुक गया था। किसानों द्वारा पाइपलाइन के कारण उनके खेतो में आने जाने का रास्ता अवरुद्ध होने की बात उनके संज्ञान में आयी थी। आज उक्त समस्या के समाधान के लिए वो अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे है। दोनों पक्षों की बातचीत के बाद सर्वसम्मति से आज यह निर्णय लिया गया है कि किसानों को उनके खेत में आने जाने के लिए साइफन पद्धति से रास्ता दिया जायेगा। जिससे पाइप का लेवल नीचे

**राहत**

**ककरोई रोड पर खेतों के सामने पाइपलाइन बिछाने का कार्य किसानों के विरोध के चलते रुक गया था**

चला जायेगा। किसानों को उनके खेतो में रास्ते की निशानदेही के लिए दो तीन दिन का समय दिया गया है ,जिसके बाद उनकी चिन्हित की गयी जगह पर रास्ता दे दिया जायेगा। इस सहमति के बाद आज दोबारा से पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है।
इस दौरान वाप्कोस विभाग से वरिष्ठ अधिकारी आर पी गुप्ता, निगम के कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार, सहायक अभियंता मंजीत दहिया ,कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, ककरोई सरपंच कर्मबीर सिंह, जयपाल दहिया,सुधीर दहिया, कृष्णपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# सोनीपत से आर्मी ब्लड बैंक दिल्ली जाकर किया रक्तदान

## 2 दिन से डोनर नही मिल रहे थे, माँ भारती रक्तवाहिनी ने किए प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सेना के** जवान लान्स नाईक सतीश कुमार की माता आर एंड आर आर्मी अस्पताल दिल्ली में जीवन और मौत की जंग लड़ रही है जिसे लगातार ब्लड व प्लेट्लेट्स की आवस्यकता रहती है । जैसे तैसे करके आर्मी से ब्लड की जरूरत पूरी हो रही थी लेकिन 2 दिन से रक्तदाता नही मिल पा रहे है फिर ंड्ढ से माँ भारती रक्तवाहिनी के नंबर मिले जिसके बाद सँस्था ने रक्तदाताओं से सम्पर्क किया । जिसमें सितेंद्र शर्मा , प.



जयकिशन सेवा समिति कंवाली के अध्यक्ष सन्दीप पारासर ने अपनी गाड़ी से 2 रक्तदाताओ को तैयार किया । दूसरी तरफ जीवन रक्षक फाउंडेशन से गौ सेवक नीरज भी आर्मी ब्लड बैंक दिल्ली जाने के लिए तैयार हुए । जिसके बाद चारो रक्तदाता आर्मी रक्तकोष पहुचे ।जहाँ पर 2 रक्तदाता शारीरिक मापदण्ड में सही नही थे । गौ सेवक नीरज व अनिल भारद्वाज ने जवान की माता के लिए प्लेट्लेट्स दान की।
सेवक नीरज ने अपने जन्मदिन पर आर्मी के लिए रक्तदान करके इस दिन को यादगार बनाया।
सन्दीप पारासर ने कहा कि हमे सेना के लिए रक्तदान करने से पीछे नही हटना चाहिए । इस पुण्य कार्य के लिए दूरियां मायने नही रखती देश के प्रति दिल मे जज्बा होना चाहिए ।

## प्रदेश भर में इंद्रधनुष कार्यक्रम 3 चरणों में होगा संचालित: अतिरिक्त मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा स्वास्थ्य** विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी.एन.अनूपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर प्रदेश के अधिकारियों को भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को इंद्रधनुष कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। इसको लेकर हमें पूरी रणनीति के साथ कार्य करना होगा। प्रदेश भर में इंद्रधनुष कार्यक्रम 3 चरणों में संचालित किया जाएगा। पहला चरण में 7 से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक व तीसरे चरण में 9 से 14 अक्टूबर तक कार्यक्रम में बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का कार्य होगा।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे कार्यक्रम की सफलता को लेकर जन भागीदारी सुनिश्चित करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को एनजीओ को कार्यक्रम में शामिल करें। उन्होंने जिले में वैक्सीनेटर और वेक्सीन की वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। वीना हुड्डा ने आश्वस्त किया कि इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण व शिविर के माध्यम से जानकारी दी जा चुकी है।

# 'सब कुछ कानून और संविधान के दायरे में'

## डॉ. आंबेडकर की विद्वता पर सवाल, उन्होंने कहा था- राजधानी पर 'दिल्ली' राज्य का अधिकार नहीं: शाह

**वार-पलटवार**

**संविधान में ऐसा प्रावधान है, जो केंद्र को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है : शाह**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सेवा विधेयक को लेकर लोकसभा में गुरुवार को शुरू हुई चर्चा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि यह बिल क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा, संविधान में ऐसा प्रावधान है, जो केंद्र को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। विपक्ष ने इस बिल को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। सब कुछ कानून और संविधान के दायरे में हो रहा है। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल का भी नाम लिया। दिल्ली में चार मुख्यमंत्रियों के साथ काम कर चुके पूर्व विधानसभा सचिव एवं संविधान विशेषज्ञ एसके शर्मा बताते हैं, डॉ. बीआर अंबेडकर ने बाकायदा संविधान में ही ऐसी व्यवस्था कर दी थी कि भारत की राजधानी में कोई भी कानून भारत की संसद ही बनाएगी। अब जो कुछ हो रहा है, वह सीधे तौर पर डॉ. अंबेडकर की विद्वता पर सवाल उठाना है।

**असल विवाद की जड़ तो ये है:** दिल्ली में चुनी हुई सरकार 'पंजाब, हरियाणा या उत्तर प्रदेश की तर्ज पर शासन करना चाहती है। असल विवाद की यही जड़ है। दिल्ली को लेकर कानून बनाने का अधिकार, केंद्र के पास है। दिल्ली में जितने कानून बने हैं, वे सब कानून संसद ने बनाए हैं। संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान में यह व्यवस्था दी है। दिल्ली को पूर्ण राज्य की मांग करना, डॉ अंबेडकर की विद्वता पर सवाल उठाना है। इससे पहले आम आदमी पार्टी, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग उठा चुकी है। 1947 में जब स्वतंत्र भारत के लिए संविधान का निर्माण हो रहा था, तो उस वक्त दिल्ली को भी पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बात सामने आई थी। संविधान सभा ने इस मामले में पट्टाभि सीतारमैया की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी।

**कमेटी की रिपोर्ट को डॉ. अंबेडकर ने किया खारिज:** कमेटी की रिपोर्ट में दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने पर सहमति बनी। यह रिपोर्ट जब डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जरिए डॉ. अंबेडकर तक पहुंची तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। डॉ. अंबेडकर का कहना था कि भारत की राजधानी पर दिल्ली राज्य का अधिकार नहीं हो सकता है। दिल्ली को लेकर केंद्र सरकार ही कानून पास करेगी।

### सीएम केजरीवाल का काफिला रोका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देवली** इलाके में पानी संकट से परेशान लोगों ने सीएम केजरीवाल के काफिले को रोक दिया। बीजेपी नेता राजकुमार शर्मा ने ट्वीट जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि केजरीवाल को दिल्ली की जानता ने रोका दिया। देवली में स्कूल का उद्घाटन करने गए केजरीवाल के काफिले को स्थानीय लोगों ने घेर लिया। यहां लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक, देवली इलाके में सीएम अरविंद केजरीवाल एक स्कूल का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने पानी की समस्या को लेकर घेर लिया। जैसे ही स्थानीय लोगों ने घेरा तो तुरंत सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने लोगों को हटाया। इसके बाद दिल्ली पुलिस के लोगों ने स्थानीय लोगों को काफी समझाया। उसके बाद लोगों ने काफिले को आगे जाने दिया। ये वीडियो राजकुमार शर्मा ने ट्विटर हैंडल से शेयर किया है। देवली इलाके में स्थानीय लोग पानी की समस्या से काफी परेशान हैं।

### संविधान की बंदिशों को तोड़ने का प्रयास ...

**केजरीवाल** सरकार उन बंदिशों से बाहर निकलने का प्रयास करते रहे, जिनका उल्लेख भारतीय संविधान में देखने को मिलता है। शक्तियों के मसले पर कई बार हुई टकराहट के बाद केंद्र ने वह कानून लागू कर दिया, जिसके तहत दिल्ली सरकार का मतलब 'उपराज्यपाल' होगा। दरअसल, दिल्ली सरकार अन्य प्रदेशों की तर्ज पर आगे बढ़ना चाहती है। अतीत को देखें तो दिल्ली एक केंद्रशासित प्रदेश रहा है। जिस तरह पुडुचेरी में यह मांग आई कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि भी सरकार में होने चाहिए, वैसे ही दिल्ली में एक सिस्टम बना दिया गया। विधानसभा का गठन कर एलजी की सलाह से शासन करने की प्रथा शुरू हो गई। हालांकि केजरीवाल सरकार, पंजाब, हरियाणा या उत्तर प्रदेश की तर्ज पर काम करना चाहती थी। दिल्ली की सरकार को अब कोई भी कार्यकारी फैसला लेने से पहले उपराज्यपाल की अनुमति लेनी होगी।

### क्या फर्क है अनुच्छेद 239 और 239एए में

**संविधान** के अनुच्छेद 239 और 239एए की व्याख्या को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच शुरू से मतभेद रहा है। अनुच्छेद 239 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए है। इसमें उनके अधिकार एवं सीमाएं वर्णित हैं। दिल्ली के लिए विशेष तौर पर 239एए जोड़ा गया है। इसके अनुसार, 239एए के प्रावधानों की व्याख्या उपराज्यपाल अपनी समझ के अनुसार करेंगे। केजरीवाल सरकार इसे अपने तरीके से समझती रही।



# बाढ़ और बारिश से दिल्ली के सभी अस्पतालों में 20% तक बढ़े त्वचा रोगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
यमुना में बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही अस्पतालों में त्वचा मरीजों की संख्या 20 फीसदी तक बढ़ गई है। बाढ़ और बारिश के कारण अधिकतर मरीजों के चेहरे, गले, हाथ, पैर, ऐड़ी, जांघ सहित अन्य जगहों पर फंगल इन्फेक्शन के मामले देखने को मिल रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर मामले गंदे पानी के संक्रमण, ज्यादा समय तक गीले कपड़े पहनने, साफ-सफाई न होने के कारण हो रहे हैं। संक्रमित होने वालों में बुजुर्ग और महिलाओं की संख्या ज्यादा है। वहीं, कई मरीज संक्रमण के बाद खुद ही बिना किसी डॉक्टर से सलाह के दवा का इस्तेमाल करने के बाद गंभीर होकर पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि थोड़ी सी सावधानी से ऐसे मामलों को रोका जा सकता है।

**संक्रमण**

**मरीजों के चेहरे, गले, हाथ, पैर, ऐड़ी, जांघ सहित अन्य जगहों पर फंगल इन्फेक्शन के मामले देखने को मिल रहे**

**चेहरे पर भी दिख रहे लक्षण:** हिंदूराव अस्पताल में त्वचा रोग विभाग की वरिष्ठ डॉक्टर ऐश्वर्य ने बताया कि इस बार ऐसे मरीज भी आ रहे हैं जिनके चेहरे पर फंगल इन्फेक्शन हैं। इन्हें टीनिया फेसी कहते हैं। इसमें चेहरे पर लाल दाने हो जाते हैं। साथ ही उक्त दाने पर सफेद पपड़ी बन जाती है। इसके अलावा बड़ी संख्या में ऐसे मरीज भी हैं जिनके पैरों और जांघ में ऐसी समस्याएं देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओपीडी में रोजाना करीब 300 मरीज उपचार के लिए आते हैं। इनमें 20 से ज्यादा मरीज फंगल इन्फेक्शन हैं। बारिश और बाढ़ के कारण इस बार मामले बढ़े हुए हैं।

इसके अलावा जग प्रवेश, गुरु तेग बहादुर, स्वामी श्रद्धानंद , लोक नायक सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अस्पतालों में इन मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

**खुद न लें दवा:** त्वचा रोग के विशेषज्ञ डॉ. मनीष जांगड़ा ने बताया कि संक्रमण होने पर खुद दवा न लें। कई बार स्टेरॉयड लेने से संक्रमित जगहों पर खुजली से राहत मिल जाती है, लेकिन संक्रमण बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ और बारिश के कारण इस बार टीनिया पेडिस, टीनिया कैपिटिस, टीनिया क्रूरिस, कैंडिडल इंटरट्रिगो, टीनिया फेसी सहित अन्य मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले हाई अलर्ट पर पुलिस, मेट्रो में शुरू हुई तीन स्तरीय सुरक्षा जांच

**सख्ती**

**ऐसे में सुबह-शाम व्यस्त समय में स्टेशनों पर सुरक्षा जांच में लाइन लगने के कारण देरी हो सकती है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी स्वतंत्रता** दिवस समारोह के मद्देनजर मेट्रो में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसलिए स्टेशनों पर सीआइएसएफ के अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। इसके अलावा दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों पर यात्रियों की तीन स्तरीय सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई है। ऐसे में सुबह-शाम व्यस्त समय में स्टेशनों पर सुरक्षा जांच में लाइन लगने के कारण देरी हो सकती है। इसलिए यात्री इन दिनों मेट्रो में सफर के लिए अतिरिक्त समय लेकर घर से निकल सकते हैं। ताकि सुरक्षा जांच के कारण उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में विलंब न होने पाएं।

**सामान्य तौर पर ऐसी रहती है सुरक्षा जांच:** दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क गुरुग्राम के रैपिड रेल को मिलाकर करीब 361 किलोमीटर है और इस नेटवर्क पर कुल 266 मेट्रो स्टेशन हैं। सामान्य तौर पर मेट्रो स्टेशनों पर दो स्तरीय सुरक्षा जांच होती है लेकिन अभी सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई है। स्टेशनों पर अभी मेटल डिटेक्टर गेट के आगे सीआइएसएफ के जवान तैनात कर दिए गए हैं। स्टेशनों पर पहले सीआइएसएफ के जवान यात्रियों की सुरक्षा जांच कर रहे हैं।

## उधार के 130 रुपये मांगने पर दुकानदार पर कैंची से वार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल** नगर इलाके में एक दुकानदार को एक युवक से उधार के 130 रुपये मांगने भारी पड़ गए। कैंची से दुकानदार पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। घायल हालत में हर्ष शुक्ला को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर करावल नगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी की है। पुलिस ने आरोपित राहुल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है।

**कई बार मांगने पर आरोपित नहीं लौटा रहा था उधार की रकम:** हर्ष शुक्ला अपने परिवार के साथ मुकुंद विहार में रहते हैं। उनकी किराना की दुकान है। पीड़ित ने छह माह पहले इलाके में रहने वाले राहुल नाम के युवक को 130 रुपये उधार दिए थे। कई बार मांगने पर आरोपित उधार की रकम वापस नहीं कर रहा था।

# बच्ची से स्कूल के सफाईकर्मी ने किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हौज** खास स्थित द पिनेकल स्कूल में नर्सरी की छात्रा के साथ सफाईकर्मी द्वारा दुष्कर्म करने की वारदात सामने आई है। स्कूल में तैनात सफाईकर्मी करीब एक सप्ताह से बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था।

**गौतम बुद्ध नगर का रहने वाला आरोपी:** आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के शिवम एन्क्लेव हैबातपुर के अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**सफाईकर्मी का बच्ची से करता रहा दुष्कर्म:** पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि एक अगस्त को करीब 11.46 बजे हौज खास थाने में पंचशील एन्क्लेव इलाके में चिराग



दिल्ली फ्लाईओवर के पास स्थित स्कूल में बाल उत्पीड़न की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को साढ़े तीन वर्षीय पीड़िता बच्ची अपनी चाची के साथ मिली। बच्ची ने पुलिस को एक पुरुष शौचालय में काम करने वाले सफाईकर्मी अर्जुन द्वारा यौन शोषण किए जाने की बात बताई।

**आरोपित अर्जुन गिरफ्तार:** बच्ची के बयान के अनुसार, बच्ची जब भी शौचालय में जाती थी तो सफाईकर्मी उन्हें देखता रहता था और दुष्कर्म करता था। बच्ची के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपित अर्जुन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और कोर्ट के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता के पिता केंद्रीय मंत्रालय में काम करते हैं और परिवार सहित अंबेडकर नगर इलाके में रहते हैं।

**मां से कम खाना मांगा तो खुला राज:** बच्ची ने रविवार की शाम को अपनी मां से स्कूल की टिफिन में भोजन कम देने को कहा। मां ने इसका कारण पूछा तो पीड़िता बच्ची ने बताया कि अधिक भोजन करने पर पेट में दर्द होगा और शौचालय जाने पर कोई देख लेगा। मां ने पूछा कि कौन देख लेगा तो बच्ची ने बताया कि स्कूल में शौचालय जाने पर सफाई वाले अंकल देखते हैं और बैड टच करते हैं। पीड़िता ने पुलिस को स्कूल में जगह दिखाई और आरोपित की पहचान भी की। इसके बाद मंगलवार को महिला आयोग की काउंसलर के सामने बच्ची और उसकी मां के बयान दर्ज किए गये।

**जेल भेजा**

**स्कूल में तैनात सफाईकर्मी करीब एक सप्ताह से बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था, गिरफ्तार**

## जूता उठाकर मारूंगी': मेट्रो में दो महिलाओं के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में एक महिला कोच के अंदर दो महिलाएं आपस में बहस कर रही हैं। इससे पहले भी कई वीडियो वायरल हुए हैं। पहली महिला अपने पास आकर बैठी दूसरी महिला पर भड़क जाती है। वायरल वीडियो की शुरूआत में पहली महिला कहती है कि हां.. पागल हूं मै, पागल हूं। दूसरी महिला कहती है दिमाग मत चाटिए। इस पर पलवार करते हुए पहली महिला कहती है कि पहले तू चुप हो। दूसरी महिला कहती है मैं चुप नहीं होने वाली। इसके बाद पहली महिला उठकर सामने वाली सीट पर बैठ जाती है। लेकिन फिर भी दोनों के बीच बहस चलती रहती है। पहली महिला फिर कहती है कि भौंक भौंक, पहले तू बोली, मैं नहीं बोली। दूसरी महिला कहती है कि मैंने आपसे थोड़ा सा खिसकने को कहा था। पहली महिला शांत नहीं होती है और कहती है कि तेरी जुबान कैंची की तरह चलती रहती है। दूसरी भड़की महिला तुरंत जवाब देते हुए कहती है कि जूता उठाकर मारुंगी। बदतमीज कहीं की। दोनों की बहस जारी रहती है। इतने में दूसरी महिला के रिश्तेदार भी बीच में आते हैं और पहली महिला को चुप होने के लिए कहते हैं। लेकिन वह फिर भी चुप नहीं होती है। यह पूरी घटना सामने बैठी एक महिला ने अपने फोन में रिकॉर्ड कर ली।

# बृजभूषण पर आरोप तय करने के मामले में अगली सुनवाई 9 को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने आरोप तय करने के मामले पर आज सुनवाई टाल दी। मामले की अगली सुनवाई 09 अगस्त को होगी। कोर्ट ने 20 जुलाई को बृजभूषण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को सशर्त जमानत दी थी कि दोनों आरोपित किसी शिकायतकर्ता या गवाह को धमकाने या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। सुनवाई के



दौरान दिल्ली पुलिस ने न तो जमानत याचिका का विरोध किया था और न ही समर्थन। कोर्ट ने 07 जुलाई को दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए बृजभूषण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने छह बालिग महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन उत्पीड़न के मामले में 15 जून को राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत बृजभूषण और विनोद तोमर पर आरोप लगाए गए हैं। महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर कार्रवाई की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर धरना दिया था।

**जिरह**

**दोनों आरोपित किसी शिकायतकर्ता या गवाह को धमकाने या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे**

## 'अमृत उद्यान' 16 अगस्त से जनता के लिए खुलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान 16 अगस्त से एक महीने तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उद्यान उत्सव-क्कके तहत अमृत उद्यान 16 अगस्त से एक महीने (सोमवार को छोड़कर) के लिए जनता के लिए खुला रहेगा। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने के लिए यह विशेष रूप से शिक्षकों के लिए खुलेगा। उद्यान उत्सव-क्कका उद्देश्य आगंतुकों को ग्रीष्मकालीन वार्षिक फूलों का प्रदर्शन करना है। पर्यटक सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक (अंतिम प्रवेश सांय 4 बजे) बगीचों का दौरा कर सकते हैं। प्रवेश नॉर्थ एवेन्यू के पास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। बुकिंग 7 अगस्त, 2023 से राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा सकती है। वॉक-इन आगंतुक गेट नंबर 35 के पास स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क से पास प्राप्त कर सकते हैं। अमृत उद्यान में प्रवेश निःशुल्क है। उल्लेखनीय है कि अमृत उद्यान को इस वर्ष 29 जनवरी से 31 मार्च तक उद्यान उत्सव-कके तहत खोला गया था, जिसे 10 लाख से अधिक लोगों ने देखा था।

# अजब-गजब नामों वाली पतंगों की मांग ज्यादा

## मांझे की कीमत 500 से 800 रुपये; चेतावनी जारी, पंद्रह अगस्त से पहले इसी तरह के अजब-गजब नामों वाली पतंगों से बाजार सज गए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इस बार** जश्न-ए-आजादी परी, लग्गू, चीरा, तावा पतंगों के साथ मनेगी। पंद्रह अगस्त से पहले इसी तरह के अजब-गजब नामों वाली पतंगों से बाजार सज गए हैं। सदर बाजार, चांदनी चौक, जामा मस्जिद समेत अन्य चौक-चौराहों पर पतंग ही पतंग दिख रही है। मांग बढ़ने के साथ ही पतंग, चरखे और मांझे की कीमत भी बढ़ गई है। आम दिनों में पतंग का सौ रुपये का पैकेट इस वक्त 150 रुपये में मिल रहा है, जबकि मांझे की कीमत 500-800 रुपये के बीच है।

दरअसल, 15 अगस्त के मौके पर पतंगबाजी की पुरानी रिवायत है। पुरानी दिल्ली के लोग पतंग उड़ाकर आजादी का जश्न मनाते हैं। जश्न-ए-आजादी के करीब पंद्रह दिन पहले ही दिल्ली के बाजार तरह-तरह की पंतगों से सजे हुए हैं। पतंग विक्रेता राहुल ने बताया कि पन्नी वाले पतंगों के साथ ही कागज वाले पतंगों की भी मांग है। तावा पतंग लोगों को लुभाते हैं। इसी तरह तिरंगा पतंग स्वतंत्रता दिवस पर सबसे अधिक बिकते हैं। कारोबारियों का कहना है कि इसके अलावा स्लोगन लिखे पतंग, शांति का संदेश देती, कबूतर की तस्वीर लगी पतंग, प्रधानमंत्री की तस्वीर वाली पतंग के साथ ही डिजनीलैंड, कार्टून, स्पाइडरमैन, छोटा भीम, छुटकी वाले पतंगों की भी बाजार में भरमार है। पुरानी दिल्ली के बहादुरगढ़ रोड पर मौसमी पतंगों के विक्रेताओं का कहना है कि पतंग व मांझे इस साल दोनों महंगे हैं। चीन के मांझे पर बिक्री पर लगी पाबंदी से महंगाई बढ़ी है। कागज के दाम भी बढ़ गए हैं। सचिन ने बताया कि मौसमी बिक्री की वजह से कई दुकानदार मनमर्जी दाम रखते हैं।



**पटा बाजार**

**एक दुकानदार ने बताया कि चाइनीज मांझे नायलॉन, प्लास्टिक व सिंथेटिक, मेटेलिक होते हैं**

**देसी मांझे भी कम खतरनाक नहीं:** एक दुकानदार ने बताया कि चाइनीज मांझे नायलॉन, प्लास्टिक व सिंथेटिक, मेटेलिक होते हैं। इस पर शीशे के कण लगाए जाते हैं। इससे मांझा धारदार होने के साथ ही मजबूत हो जाता है। उन्होंने बताया कि देसी मांझे भी कम खतरनाक नहीं हैं।

# महिला की पीट-पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गीता** कॉलोनी इलाके में सहमति संबंध में दोस्त के साथ रह रही महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। महिला की पहचान पूजा के रूप में हुई है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को घटनास्थल से महिला के दोस्त दीपक का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में आरोपी ने परेशान होकर पूजा की हत्या कर खुद भी सुसाइड करने की बात लिखी है। माना जा रहा है कि पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपी ने सुसाइड नोट का नाटक किया है। गीता कॉलोनी थाना पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पूजा अपने 16 वर्षीय बेटे के साथ न्यू लाहौर, शास्त्री नगर स्थित फ्लैट की दूसरी मंजिल पर रहती थी। कई साल पहले पूजा के पहले पति की मौत हो गई थी। उसी से पूजा का बेटा है। दूसरी शादी करने पर वह ज्यादा दिन नहीं चली। वर्ष 2016 में पूजा ने दूसरे पति को छोड़ दिया। करीब तीन साल पहले पूजा की दोस्ती दीपक नामक ऑटो चालक से हुई। दोनों ने एक साथ रहना शुरू कर दिया। सब कुछ ठीक चलता रहा, लेकिन बाद में दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। दो-तीन माह से दीपक और पूजा विवाद के बाद अलग रह रहे थे। दीपक घर पहुंचा और उसने पूजा के बेटे को ट्यूशन के लिए भेज दिया। शाम के समय वह वापस लौटा तो देखा कि घर पर बाहर से ताला लगा है। शक होने पर ताला तोड़ा तो अंदर फर्श पर मां का शव पड़ा था। उसके शरीर पर पीटने के निशान थे। सिर पर भी किसी भारी वस्तु से हमला किया गया था।

**साक्ष्य**

**महिला की पहचान पूजा के रूप में हुई है। अलावा एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं**

## न्यूज फ्लैश

### 4 से 6 अगस्त तक आईयूएमएस पोर्टल पर होगी ऑनलाइन हाजिरी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** **कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के पीजी कोर्सिज की अन्तिम दाखिला सूची के लिए 4 से 6 अगस्त तक आईयूएमएस पोर्टल पर अभ्यर्थियों को ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में दाखिले के लिए तीन सूची लगाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अन्तिम सूची 8 अगस्त को लगाई जाएगी। अन्तिम सूची में दाखिले के लिए 4 से 6 अगस्त तक दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन हाजिरी लगा सकते हैं। ऑनलाइन हाजिरी लगाने वाले अभ्यर्थियों को ही अन्तिम दाखिला सूची में दाखिले के लिए योग्य माना जाएगा। डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि दाखिले से सम्बन्धित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट व दाखिला पोर्टल पर उपलब्ध है।

### भगौड़ा आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला पुलिस** ने एक भगौडे आरोपी को किया गिरफ्तार । थाना केयूके की टीम ने भगौडे आरोपी शमशेर सिंह पुत्र देवा सिंह वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी शमशेर सिंह पुत्र देवा सिंह वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र को वर्ष 2021 के के लेनदेन के मामले में अदालत श्री शेर सिंह जेएमआईसी कुरुक्षेत्र द्वारा दिनांक 06 जून 2023 को भगौडा आरोपी घोषित किया था। दिनांक 3 अगस्त 2023 को थाना केयूके के अंतर्गत ज्योतिसर चौंकी प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह की टीम ने भगौडे आरोपी शमशेर सिंह पुत्र देवा सिंह वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया ।

### भव्य रेलवे स्टेशन होगा भाजपा सरकार का बड़ा तोहफाः पूर्व विधायक नरेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़** **पूर्व विधायक** व भाजपा नेता नरेश कौशिक ने कहा कि आजादी से पहले का बना हुआ बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन जल्द ही नये लुक में नजर आएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बहादुरगढ़ का रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक व भव्य बनेगा। योजना के तहत होने वाले कार्य से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं तो मिलेगी ही साथ में स्टेशन जल्द ही अपने बदले हुए नए रूप में नजर आएगा। बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने से बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र समेत इलाके के तमाम लोगों को इसका फायदा होगा। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा रेलवे स्टेशनों को भव्य आधुनिक बनाने की दिशा में शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना में बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया हुआ है। बहादुरगढ़ का रेलवे स्टेशन आजादी से पहले वर्ष 1932 में बनकर तैयार हुआ था। रेलवे की ओर से इस स्टेशन का चयन अमृत भारत स्टेशन योजना में किया गया था। इब इसके भव्य और अत्याधुनिक स्वरूप को लेकर रेलवे विभाग की ओर से हर उचित सार्थक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्टेशन का सौंदर्यीकरण कर यहां सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। पूर्व विधायक कौशिक ने बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन की कायापलट करने की योजना को मूर्त रूप दिलाये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद डा. अरविंद शर्मा व जितने भी रेल यात्री संगठन है उनका भी आभार जताया है। कौशिक ने विभिन्न रेल संगठनों ने भी रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने जाने की मांग की हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दे रही है।

आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले इसको लेकर सरकार गंभीरता से कार्य करते हुए योजनाओं को सिरे चढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर नई सुविधाएं शुरू कारने के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी बेहतर किया जाएगा। योजना में यात्री केन्द्रित पहलुओं को बेहतर बनाने का प्रयत्न होगा। दिव्यांगजनों के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

कौशिक ने कहा कि बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन से हजारों यात्रियों का दिल्ली-फिरोजपुर रेल खंड के मार्ग से पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों के जरिये आवागम होता रहता है।

# विधायक पंवार ने कालोनिवासियों की सुनी समस्याएं

## कालोनिवासियों ने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित कम्यूनिटी सेंटर की छत टपकने लगी है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** **विधायक** सुरेंद्र पंवार ने वार्ड-11 स्थित राजेंद्र नगर में पहुंचकर कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी । कालोनिवासियों ने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित कम्यूनिटी सेंटर की छत टपकने लगी है, जिसकी वजह से सेंटर में बैठने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को बुलाया और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।



विधायक सुरेंद्र पंवार को कालोनिवासियों ने बताया कि कम्यूनिटी सेंटर में एक राजकीय प्राथमिक पाठशाला भी बनाई गई है, जिसमें विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते है, लेकिन बारिश में पाठशाला की छत टपकने लग जाती है, जिसकी वजह से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सेंटर के हॉल में फर्श की टाइल्स टूट गई है, पानी अंदर घुस जाता है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक एस्टीमेट बनाकर समस्या का समाधान किया जाए। शिक्षा के मंदिर व सार्वजनिक स्थान पर समस्या का पता चलते ही अधिकारी तुरंत प्रभाव से समाधान करवाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस समस्या के समाधान में विलम्ब नहीं होना चाहिए, क्योंकि बच्चें देश का भविष्य है, यदि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा आती है, वह बिल्कुल गलत है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत शहर की प्रत्येक कालोनी में समग्र विकास करवाना ही उनका मुख्य ध्येय है, जिसके लिए लगातार प्रयत्नशील है।

इस दौरान चंद्रो देवी, सागर, रमेश, चांदराम, रणधीर, राजेश, सुभाष, प्रवीन, मुकेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्प्रेड स्माइल धर्मार्थ डिस्पेंसरी के मध्यम से बच्चों को वितरित की आई फ्लू दवा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**स्प्रेड स्माइल** फाउंडेशन द्वारा संचालित निशुल्क पाठशाला में स्प्रेड स्माइल धर्मार्थ डिस्पेंसरी का संचालन कर रहे डॉ सुरेश जैन जी ने सभी को बढ़ते आई फ्लू से बचाव रखने के लिए जागरूक किया । डॉ सुरेश जैन ने बताया की इस समय आई फ्लू बहुत तेजी से बढ़ रहा है और बच्चो, बड़ो सब इसकी चपेट में आ रहे हैं , इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए इसके लिए हमें कुछ सावधानियां रखनी होगी । बच्चो को समझाया की बार बार आंखों को हाथ न लगाएं, आंखों में चश्मा पहन कर रखें , साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें अपने कपड़े आदि किसी को इस्तेमाल न करने दें , हो सकें तो अन्य लोगो से दूर ही रहें । इसके साथ ही धर्मार्थ डिस्पेंसरी के मध्यम से बच्चो को दवां व चश्में दिए जा रहे हैं जिससे उन्हें जल्द आराम मिले और बीमारी अन्य व्यक्तियों में न फैलें। इस अवसर पर हिंदी प्रवक्ता दिल बाग, रेणु सैनी एमसी वार्ड 6, दीपक मान, प्रिंस , रमन पांचाल, आदेश, तान्या , अनन्या आदि उपस्थित रहे।



## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत सीआईए** थ्री पुलिस टीम ने काला अंब के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया।
सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम बुधवार देर शाम गश्त के दौरान सनौली रोड उग्राखेड़ी मोड़ पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक मोहाली से काला अंब की तरफ से आ रहा है। युवक के पास अवैध देसी पिस्तौल होने की संभावना है। पुलिस टीम ने काला अंब मोड़ पर नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद मोहाली की तरफ से एक संदिग्ध किस्म का युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान फरमान पुत्र बशीर निवासी गांव मोहाली के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी



हुई लोअर की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। करीब 20 दिन पहले वह ठेकेदार के पास असंध रोड पुल के नीचे नाला खुदाई का काम कर रहा था। खुदाई के दौरान उसको उक्त देसी पिस्तौल मिला था।

## पूर्व पार्षद व उसके भाई के खिलाफ पुलिस कार्यवाही के लिए लिखा

**गन्नौर। सरकारी** कार्य में बाधा डालने के मामले को लेकर पूर्व पार्षद व उसके भाई के खिलाफ पुलिस कार्यवाही के लिए नगरपालिका सचिव ने पत्र लिखा है। नपा की तरफ से पुलिस कार्यवाही करने के लिए लिखे पत्र में बताया कि नगरपालिका की भूमि की चार दिवारी का कार्य रायल कोपरेटिव सोसाइटी को अलाट किया हुआ है। जिसको चार दिवारी निर्माण के लिए कार्य करने के आदेश दिए है। सोसइटी ने दिवार के निर्माण को लेकर नपा को लिखित में दिया कि दिवार के निर्माण के लिए डाले गए सामान को पूर्व पार्षद अशोक सैनी व उसके भाई सतपाल सैनी ने तोड़ दिया है। नगरपालिका ने पुलिस को सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखा है।

## भाविप की रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 70 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **भारत विकास** परिषद गन्नौर शाखा द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत गढ़ी केसरी हिन्दू स्कूल में शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 15 विद्यालयों के 70 छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया। भारत विकास परिषद के हरियाणा मध्य प्रांत के उपाध्यक्ष योगेश कौशिक,शाखा सचिव अंकित त्यागी, महिला संयोजिका मनीषा जैन, शाखा उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, संस्कृत माह की संयोजिका रजनी जैन, काजल जैन,अलका गुप्ता, तरुण प्रताप त्यागी,दीपिका जिंदल,एडवोकेट नेहा त्यागी, शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, निर्णायक मंडल में शालिनी जैन, मीनू मलिक ने



बच्चों की रंगोली को देखकर अपना निर्णय लिया। सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी ने रंगोली प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित किया। इसमें संयुक्त रूप से प्रथम रहने वाले स्कूल स्कूलों के बच्चे जिसमें हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल से चिनाली और प्रयास इंटरनेशनल स्कूल से जानवी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरा स्थान प्रयास स्कूल से आदिति और हैप्पी चाइल्ड स्कूल से तनु ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया तीसरा स्थान हैप्पी चाइल्ड स्कूल से वेदिका, स्वामी चेतना स्कूल से स्नेहा, चाइल्ड केयर स्कूल से प्रज्ञा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# लोकतंत्र में मतदान का सबसे अधिक है महत्वः सुधीर जैन

**सोनीपत**
**ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में बृहस्पतिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया । स्कूल में मतदान प्रक्रिया का आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अभ्यास भी किया । इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भी विद्यार्थियों को मताधिकार व मतदान के महत्व से अवगत करवाया।

स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां हर एक नागरिक को



अपनी राय देने का अधिकार है। यहां प्रत्येक नागरिक का फर्ज बनता है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझ कर सही-सही मतदान करें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मतदान के वक्त बहुत सारे ऐसे व्यक्ति हैं जो मतदान नहीं करते हैं। बहुत सारे ऐसे लोग है जो मतदान का महत्व नहीं जानते, उन्हें भी समझाना आवश्यक है। जिस व्यक्ति की उम्र 18 साल या उससे अधिक हो मतदान में हिस्सा ले सकता है। मतदान करने के लिए 18 साल की उम्र होना निहायत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाएं । सीईओ संजय जैन ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान का सर्वाधिक महत्व है। उन्होंने वोट के अधिकार के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बैलेट पेपर, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट आदि के बारे में जानकारी दी ।
साथ ही विद्यार्थियों को मतदान के तरीके की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब इनमें से कोई नहीं या नोटा बटन का विकल्प उपलब्ध रहता है। चुनाव के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार के अपात्र, अविश्वसनीय और अयोग्य या नापसंद होने पर नोटा का प्रयोग कर सकते हैं । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने अपने सामने मतदाता बने छात्र-छात्राओं से वोट डलवाया। इस मौके पर स्कूल में हुए मतदान में आर्यन, एकेंद्र,चेतना, विशाखा, मुस्कान, गौरव, पुलकित,आरजू आदि ने अपनी उम्मीदवारी पेश की । छात्र-छात्राओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में उत्साहपूर्वक मतदान किया । इस प्रक्रिया के संचालन में अध्यापिका रेखा जैन, बबीता, बीना, निधि, नीरजा, आशिमा, दीपिका आदि ने अहम भूमिका निभाई ।

## जजपा ने अनिल त्यागी को लगातार दूसरी बार हलका अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी



**गन्नौरः जननायक जनता पार्टी** (जजपा) ने जजपा नेता अनिल त्यागी को लगातार दूसरी बार गन्नौर हलका अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। जजपा द्वारा अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अहम नियुक्तियां की है। जिसमें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अनिल त्यागी में फिर से विश्वास प्रकट किया गया है। दोबारा से नियुक्त हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी ने इसको लेकर जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आदि पार्टी के नेताओं का आभार व्यक्त किया है।
नवनियुक्त हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि गन्नौर हलके में पार्टी को मजबूती देने का काम किया जा रहा है। पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना है। डिप्टी सीएम ने चुनाव के दौरान जनता से किए वादे को पूरा कर दिखाया है। इसी के चलते लोगों की पार्टी के साथ आस्था है। उन्होंने कहा कि वे हलके में युवाओं को पार्टी से जोड़ने के काम के साथ पार्टी की नीतियों को लोगों से अवगत करवाएंगे।

## खेत में काम करते समय सांप काटने से किसान की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कुरुक्षेत्र** के रहने वाले बुजुर्ग किसान की करनाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। किसान गुरुवार सुबह 4 बजे अपने गांव गुमथला में खेतों में काम करने गया था। इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने काट लिया। एक माह पहले ही किसान के जवान बेटे की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। मृतक के पोते सूरज ने बताया कि उसका दादा जगतार सिंह और वह खेत में काम करने के लिए गए थे। काम करते समय अचानक उसके दादा को कॉमन क्रेट प्रजाति के सांप ने काट लिया। दादा ने आवाज लगाई तो वह भाग कर उनके पास गया। जिस टांग पर सांप ने काटा था, उसके ऊपर से रस्सी से बांधा। सूरज ने बताया कि इस दौरान उसने आसपास के लोगों से मदद की गुहार भी लगाई, लेकिन कोई नहीं आया। बाद में उसने एम्बुलेंस को फोन किया और दादा को कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहां से उसे डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

## ओवरलोड मिट्टी से भरे डम्फरों ने सड़क के अस्तित्व को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**बिलंदपुर गांव** में राजकीय स्कूल के पास से जाने वाली सड़क को ओवरलोडिंग मिट्टी से भरे डम्फरों ने तोड़कर उसका आस्तित्व भी समाप्त कर दिया है। ग्रामीणों को कहना कि सड़क की हालत खराब होने के कारणसा वहां से दुपहिया वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण विभाग से मांग की है कि ओवरलोड़ मिट्टी से भरे डम्फरों द्वारा तोड़ी गई सड़क का हजार्ना ओवरलोड डम्फरों के मालिक के खिलाफ कार्रवाई कर उसे वसूला जाए। गांव में सलीम नम्बरदार, सुनील ने बताया कि ओवरलोड मिट्टी



से भरे डम्फरों ने सड़क की ऐसी हालत कर दी है। सड़क निर्माण के दौरान डाली गई सामग्री इस तरह से बिखर गई है कि देखने में ऐसा लगता है कि यहां कभी सड़क ही नही बनाई गई हो। उन्होंने बताया कि ओवरलोड डम्फरों के खिलाफ न तो गन्नौर प्रशासन, आरटीओ के अलावा पुलिस भी कोई कार्रवाई नही करती है। मिट्टी से भरे ओवरलोड डम्फर गन्नौर के अलावा आसपास के गांवों में देखे जा सकते है। उनका कहना कि जब भी उनके चालक से ओवरलोड मिट्टी न डालने के बारे में कहते है तो उनका जवाब होता है कि जितनी मिट्टी आएगी उतनी ही तो डालकर डम्फरों को चलाएंगे।

**मौका निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी : जेई इस** बारे में सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि सड़क को बुरी तरह से ओवरलोड मिट्टी के डम्फरों द्वारा तोड़ने का मामला उनके संज्ञान में नही है। अब पता चला है तो आरटीओ व माईनिग विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

# शहर में 4 कालोनी हुई वैध, अन्य 6 अवैध कॉलोनियों होंगी शीघ्र वैध

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **शहर में** नगरपालिका क्षेत्र के भीतर बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों में हरियाणा प्रबंधन नागरिक सुविधाओं के तहत नीति के अनुसार नियमित 4 कालोनी वैध हो गई है। इसके लिए शहरी नगर निकाय के निदेशक द्वारा जिला नगर योजनाकार को कालोनी वैध करने के लिए स्थापित होने के लिए भेजी थी। नगरयोजनाकार विभाग ने नगर निकाय के आयुक्त के पास भेज दी। अब निकाय आयुक्त के माध्यम से उक्त कालोनियों को विकसित करने के लिए पंचकुला में शहरी नगर निकाय के मुख्य आयुक्त को भेज दी । शहर की कालोनी गन्नौर 11 नियर शिव गार्डन के साथ, न्यू बसंत बिहार, पंचवटी



कालोनी बड़ौत, हनुमान नगर बड़ौत को वैध कर दिया गया है। इसके अलावा 24 कालोनी में से जल्द ही अगले सप्ताह में चिन्हित करके वैध करवा दी जाएगी। ज्ञात रहे कि शहर की 4 कालोनीयां पहले प्रस्ताव में वैद्य हो गई है। अवैध कॉलोनियों को वैध करने के उद्देश्य से बनाई गई जिला स्तरीय कमेटी की बैठक के बाद अवैध कॉलोनियों का प्रस्ताव कमेटी के चेयरमैन व उपायुक्त के समक्ष रखा गया। विचार विमर्श के

**राहत**

**निकाय के निदेशक द्वारा जिला नगर योजनाकार को कालोनी वैध करने के लिए स्थापित होने के लिए भेजी थी**

बाद राज्य स्तरीय कमेटी ने इन कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय लेकर 4 को पास कर दिया है। अब कॉलोनियों को अवैध से वैध करने के लिए एक सर्वे कराया था। सर्वे रिपोर्ट के बाद अब कालोनी वैध की है। कॉलोनियां वैध होने के बाद पॉलिसी के अनुसार एक सुपरवाइजरी कमेटी बनाई जाएगी जो इन कॉलोनियों को विकसित करने, इनमें बिजली-पानी जैसी सुविधाएं देने का काम किया जाएगा। साथ ही यहां पर मौजूद प्लॉटों के नक्शे पास हो सकेंगे।

**4 कालोनी वैध, अगल हफ्ते में 6 और हो जाएगी वैध :** सचिव नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि शहर में 4 कालोनी वैद्य हो गई है। शीघ्र ही 6 कालोनी और हो जाएगी। जिनका खाका तैयार करके सुपरवाइजरी कमेटी को भेज दिया है। वैद्य होने वाली कालोनी में नगरपालिका द्वारा सभी सुविधाएं दी जाएगी। इसका सरकुलर बनाकर शहर के सभी विभागों के अधिकारियों के पास भेज दिया है।

## नारनौल की समस्त धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की चिंतन बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा** **नारनौल। बुधवार** देर शाम शहर की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने मेवात में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हुए नरसंहार के विरोध में पार्क गली स्थित दुलीचंद संघी भवन धर्मशाला में बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य विषय मेवात में हिंदू समाज द्वारा आयोजित ब्रजमंडल यात्रा पर हुए कथित नरसंहार की निंदा करना था। इस बैठक में नारनौल नगर की लगभग सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। चिंतन बैठक के बाद एक ज्ञापन भी सभी की ओर से मुख्यमंत्री के नाम



लिखा गया। बैठक में गोविंद भारद्वाज प्रधान एएसडी एजुकेशन बोर्ड ने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है और एक सोची समझी साजिश है। इस प्रकार की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। प्रधान सनातन धर्म सभा धर्मचंद छाबड़ा ने कहा कि बहुत वर्षों पहले भी इस तरीके की घटना हुई थी जो कि आज दोबारा दोहराई गई है। अब समय है कि सनातन को जातियों में ना बंटकर हिंदू होना होगा। सत्यनारायण गुप्ता पूर्व प्रधान अग्रवाल सभा ने भी इस घटना की निंदा की।

# संत नगरः पार्किंग न होने के चलते लगता है लंबा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले संतनगर की मैन मार्किट काफी लंबे समय से पार्किंग की समस्या से जूझ रही है। यह समस्या अब विकराल रूप लेती जा रही है, जिसके चलते लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैं। आपको बतादें कि आलम यह हैं कि यदि कोई व्यक्ति खरीदारी करने के लिए आता है तो उसे अपना वाहन खड़ा करने के लिए कोई भी उपयुक्त स्थान नहीं मिलता है, जिसके चलते मजबूरी में उसे सड़क के किनारे इधर-उधर ही गाड़ी खड़ी करनी पड़ती हैं, जिसके चलते ट्रैफिक जाम तो होता ही है बल्कि अवैध पार्किंग के चक्कर में यातायात पुलिस द्वारा भारी भरकम चालान काटकर उसके हाथ में थमा दिया जाता है।



**दुकानदारों की ग्राहकी पर भी पड़ा हैं खासा असरः** इस मामले में दुकानदारों ने कहा कि जब भी कोई ग्राहक खरीदारी करने के लिए आता है तो उसे वाहन खड़ा करने की समस्या का सामना करना पड़ता है जिसके चलते ग्राहकों को मजबूरी में सड़क पर ही अपनी गाड़ी खड़ी करनी पड़ती हैं नतीजन जाम जैसी परिस्थिति पैदा तो होती ही है, इसके अतिरिक्त जैसे ही लोग अपना वाहन सड़क पर खड़ा करते हैं, ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उनका चालान काट दिया जाता है। यही कारण है जिसकी वजह से लोग बाजारों में आने से भी कतराने लगे हैं। इसके साथ ही दुकानदारों ने यह भी कहा कि नगर निगम या संबंधित विभाग द्वारा इस समस्या का अगर जल्दी से कोई हल नहीं निकाला गया तो परिस्थिति और खराब हो जायेगी।



**क्या कहते हैं लोगः** वहीं संत नगर कॉलोनी में रहने वाले राजेश वर्मा ने रोष जताते हुए कहा कि दिल्ली में गाड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं लेकिन नगर निगम द्वारा पार्किंग का उचित प्रबंध नहीं किया जा रहा हैं, जिसके चलते लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं स्थानीय निवासी राम सिंह ने कहा कि निगम को पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, जिस कारण लोग सड़क पर वाहन खड़ा करने को मजबूर हैं।

हमने कई बार संबंधित विभाग के समक्ष पार्किंग की समस्या रखी है, जिससे कि इस समस्या का निदान हो सके, लेकिन इसका अभी तक कोई समधान नहीं निकला है और परेशानी जस की तस बनी हुई हैं। सुषमा ने बताया कि पार्किंग के चक्कर में आए दिन दुकानदारों व ग्राहकों के बीच झड़प भी होती रहती है, क्योंकि दुकानदार बोलता हैं जिस दुकान पर आए हो उसी की दुकान के सामने ही गाड़ी खड़ी करो, बस इसी बात को लेकर झगड़ा बढ़ने में कतई भी देर नहीं लगती हैं।



बांकनेर वार्ड-2 में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु दवाई का छिड़काव करवाते निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज।

## वत्स ने राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्रकवि पद्मभूषण स्वर्गीय मैथिलीशरण गुप्त को कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि गुप्त जी के काव्य में राष्ट्रीयता और गांधीवाद का अद्भुत समन्वय परिलक्षित होता है। उन्होंने अपनी कालजयी काव्यकृतियों यथा यशोधरा, जयद्रथ वध, साकेत और पंचवटी में भारतीय संस्कृति के गौरवशाली अतीत के इतिहास का ओजस्वी वर्णन किया है। हिंदी साहित्य के इतिहास में गुप्त खड़ी बोली के



पहले महत्वपूर्ण कवि के रुप में प्रतिष्ठित रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी कृति भारत-भारती बहुत प्रभावशाली रही। मैथिलीशरण गुप्त साहित्य जगत में दद्दा के नाम से विख्यात थे।



वीरेन्द्र गोयल को जिला केशव पुरम भाजपा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए भाजपा नेता मंगत राम शर्मा, डॉ. विपिन पिव्हाल, शोभराज यादव, तिलक राज दीक्षित व अन्य।

## विरेन्द्र गोयल को जिला अध्यक्ष बनने पर विशाल कपाही ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के युवा नेता विशाल कपाही ने विरेन्द्र गोयल को जिला केशवपुरम भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और आलाकमान व शीर्ष नेतृत्व का भी धन्यवाद किया।
उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी कार्यकर्ता का सम्मान करती है। आज एक मेहनती व कर्मठ और संगठन का अच्छा अनुभव रखने वाले कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है।मैं इसके लिए भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में काफी सुधार किया है। यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे है और भाजपा का कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहा है।

## डीडीए हॉर्टिकल्चर विभाग से तेजपाल सिंह हुए रिटायर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डीडीए** के हॉर्टिकल्चर विभाग से तेजपाल सिंह वरिष्ठ माली के पद से रिटायर हुए। विकास सदन में आयोजित एक सम्मिलित विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इसमें उच्च अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए 38 साल की कर्मठ ,उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के योगदान का वर्णन करते हुए प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। अलीपुर ब्लॉक के बूढ़पुर निवासी तेजपाल का गांव में आयोजित सम्मान समारोह हुआ। जिसमें गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने अनेक गिफ्ट देकर इनका नागरिक सम्मान किया।
इस अवसर पर नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य,



वरिष्ठ नागरिक व पूर्व ट्रेफिक मैनेजर डीटीसी धर्मपाल वर्मा, पूर्व राजपत्रित अधिकारी दिल्ली सरकार शिव शंकर शर्मा, श्रीकृष्ण कुमार पूर्व चालक दिल्ली सरकार, विजेंद्र सिंह निवासी पलड़ी सोनीपत आदि ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इनकी बेहतरीन 38 वर्ष की सेवा की तारीफ करते हुए उन्हें बेहद ईमानदार अपनी डयूटी के प्रति कर्तव्य निष्ठ बताया। राजव्रत आर्य ने कहा कि इस क्षेत्र को डीडीए में इस आपाधापी के माहौल में इन जैसा कर्मयोगी मिलना असंभव है। हम इनकी लंबी उम्र तथा स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। अंत में तेजपाल ने सभी का हार्दिक धन्यवाद के साथ सबको विदा किया।

**राजव्रत ने कहा**

**राजव्रत ने कहा कि इस क्षेत्र को डीडीए में इस आपाधापी के माहौल में इन जैसा कर्मयोगी मिलना असंभव है।**

## परिवार की तरह करनी चाहिए पेड़-पौधों की रक्षाः कुन्दन कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युवा** समाजसेवी कुन्दन कुमार ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की आपके आस-पास का क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाये। कुन्दन कुमार ने आगे कहा कि पेड़-पौधे से जहां एक और हमें फल, फूल और छाया मिलती है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को



भी पौधारोपण करने के लिए विशेष रूप से प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि आज हम संकल्प ले कि अपने जन्मदिन, सालगिरह व अन्य उत्सवों पर एक पौधा अवश्य ही लगायेगें और उस पौधे की रक्षा भी करेगें।



नई दिल्ली स्थित महाराष्ट्र भवन में एक कार्यक्रम दौरान केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले भाजपा नेत्री श्वेता बत्रा को समाजसेवा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए। साथ में कई गणमान्य लोग।

## शाहदराः नूंह की घटना पूर्व नियोजित साजिशः जय भगवान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नूंह में** बृज यात्रा पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा शाहदरा चौक उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में जोरदार प्रचंड प्रदर्शन कर व इस्लामिक जिहादियों का पूतला जलाकर अपना रोष प्रकट किया गया। इस अवसर में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता, भारतीय जनता पार्टी जय भगवान गोयल ने उपस्थित हिन्दू संगठनां के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नूंह का दंगा पूरी तरह से पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा था। क्योंकि 2 दिन पहले ही डंपरों में पत्थर भर कर लाए गए थे।



शालीमार बाग में कर्मचारी दवाईयों का छिड़काव करते हुए। साथ में है समाजसेवी सत्यपाल शर्मा व अन्य।

# नरेला में समान नागरिक संहिता पर पदयात्रा कर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में एक कदम संस्कृति की ओर ट्रस्ट ने समान नागरिकता संहिता के समर्थन में जागरूकता पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया।
रामदेव चौक से रामकुटी मंदिर तक निकाली गई जागरूकता पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा हाथों में तख्ती, बैनर, पोस्टर लेकर शामिल हुए। बाहरी दिल्ली के नरेला में एक कदम संस्कृति की ओर ट्रस्ट ने समान नागरिकता संहिता कानून के समर्थन में जागरूकता पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत नरेला के रामदेव चौक से लेकर रामकुटी मंदिर बवाना रोड़ तक पदयात्रा निकाली गई। इसके पश्चात यात्रा समापन स्थल राम कुटी मंदिर परिसर में विशाल जनसभा का



आयोजन किया गया। समान नागरिकता संहिता के जनसमर्थन, जागरूकता के उद्देश्य से निकाली गई पदयात्रा रामदेव चौक से शुरू होकर मामूरपुर, मेन बाजार, झंडा चौक, पुरानी अनाज मंडी होते हुए रामकुटी मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान पदयात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर समर्थन स्वागत किया। जागरूकता पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल युवाओं ने एक देश एक कानून, समान नागरिक संहिता जरूरी है आदि स्लोगन लिखे तख्ती, बैनर, पोस्टर हाथों



में लेकर समान नागरिक संहिता के विषय पर जागरूक किया। यात्रा के समापन पर रामकुटी मंदिर में आयोजित विशाल जनसभा में राम कुटी मंदिर के प्रधान राज कुमार गोयल, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल, अनिल गुप्ता ने स्वागत, समर्थन कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर मनोज बंसल ने कहा कि राष्ट्रहित के मुद्दों पर युवाओं के अंदर जागरूकता किसी भी राष्ट्र के लिए शुभ संकेत है। समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड़ का अर्थ



होता है, भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एक समान कानून होना चाहे वह किसी भी धर्म, जाति का क्यों ना हो। देश में यह कानून अति शीघ्र लागू होना चाहिए। एक कदम संस्कृति की ओर ट्रस्ट की संयोजिका नंदिनी सिंह ने पदयात्रा में समर्थन और सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कानून एक पंथनिरपेक्ष कानून है, जो सभी धर्मों के लिए समान रूप से लागू होगा। जनसभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एडीसी ने मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। अतिरिक्त उपायुक्त आनन्द शर्मा ने एमसीएफ के अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद और औद्योगिक संगठनों तथा आरडब्लूए के प्रतिनिधियों के साथ मेरी माटी मेरा देश के जन जागरूक कार्यक्रमों को शहरी क्षेत्रों में बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की। एडीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एमसीएफ व एसडीएम कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल करके बनाए आम जन को भागीदार बनाना सुनिश्चित करें। एडीसी आनन्द शर्मा आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में एमसीएफ व एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों और औद्योगिक संगठनों तथा आरडब्लूए के प्रतिनिधियों के संग बैठक करके मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा कर रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए शहरी क्षेत्रों में जन जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मेरी माटी मेरा देश वाले कार्यक्रम के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम सभी वार्डो में आयोजित किये जायेंगे । जिसके तहत किये जाने वाले कार्य इस प्रकार क्रियान्वित करें। इनमें शिला फलकम- सभी वार्डो में एक सिला फलकम तैयार करें। जिसका साइज 53 होगा। जो कि अमृत सरोवर के पास बनाया जाना है। अमृत सरोवर के पास जगह उपलब्ध नहीं है, तो बारात घर, सामुदायिक भवन या स्कूल के पास जहां भी जगह उपलब्ध है। वहां बनाना सुनिश्चित करें। वहीं पंच प्रण-सभी को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पांच प्रण की शपथ हाथ में मिट्टी का दीया लेकर और उसकी शेल्फी ली जानी सुनिश्चित करें।



राष्ट्रीय ध्वज फहराना व राष्ट्रीय गान
राष्ट्रीय ध्वज फहराना व राष्ट्रीय गान सभी वार्डो में राष्ट्रीय ध्वज भी फहराना है। उसके पश्चात राष्ट्रीय और उसकी फोटो व वीडियो वेब साइट (https://yuva.gov.in/meri_maati_mera_desh)पर अपलोड करनी है।
मेरी माटी मेरा देश के तहत होने वाले कार्यक्रम
एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बारे मिटटी यात्राओं के जरिये सभी वार्डों से मुट्ठी मिट्टी लेकर ब्लॉक स्तर पर इक्कठी करनी है।कार्यक्रम की रूपरेखा उन्होंने आगे बताया कि 16 अगस्त 2023 को ब्लॉक स्टार पर मिट्टी यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 16 से 25 अगस्त 2023 राज्य स्टार पर मिट्टी यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एडीसी आनन्द शर्मा ने एमसीएफ अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में जन भागीदारी के साथ सभी वार्डो में करवाना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम से सम्बन्धित गतिविधियों को क्रियान्वित करवाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को भी सम्मिलित करें। सभी अधिकारी अमृत वाटिका के लिए पर्याप्त मात्रा में पौधे उप वन संरक्षक कार्यालय से प्राप्त करके सभी सम्बन्धित वार्डो में लगवाना सुनिश्चित करें।
सभी सम्बन्धित अधिकारी कार्यक्रम से सम्बन्धित प्रगति की रिपोर्ट प्रतिदिन जिला एमसीएफ अधिकारी, फरीदाबाद के मार्फत जिला मुख्यालय के ई-मेल (र्िि-ुि@ल्लू.ल्ल) पर भिजवाना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वार्ड स्तर के अधिकारी एवं जिला स्तर पर एमसीएफ सहायक आयुक्त तथा एसडीएम नोडल अधिकारी होंगे। आनंद शर्मा ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के तहत गुलामी के हर अंश से मुक्ति पर आधारित कार्यक्रम, अपनी विरासत पर गर्व करना,एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना, वसुधा वनधन- सभी वार्डों में 75 पेड़ों की एक अमृत वाटिका तैयार करनी हैं। जिसमें लम्बी आयु वाले फलदार व छायादार वृक्ष प्रत्येक वार्ड में लगाये जाने हैं। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में सभी विद्यार्थियों के द्वारा मिट्टी के दीए जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पौधे रोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 14 व 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। वहीं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के तहत हर वार्ड में शिला स्थापित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिए कि स्कूल अपने स्तर पर यह कार्यक्रम करवाएंगे। जिसमें शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों को हाथ में मिट्टी लेकर राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की शपथ भी दिलाई जाएगी। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि वार्डों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सीएसआर के तहत कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया जाएगा। वहीं वीरों का वंदन गांव के शहीदों की वीरगाथा शिला फलकम पर अंकित की जाएगी तथा उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। सबसे पहले शिला फलकम पर स्वतंत्रता सेनानी की वीरगाथा अंकित होगी उसके पश्चात रक्षा कर्मी आर्मी, नेवी एवं एयर फोर्स, उसके पश्चात केन्द्रीय व राज्य सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की वीरगाथा अंकित होगी। मंत्रणा बैठक में औद्योगिक संगठनों के जेपी मल्होत्रा, प्रमोद राणा, अजय अबरोर, परमिंदर सिंह, प्रतोष शर्मा, नेहा भाटिया, पंकज शास्त्री, आरडब्लूए के गजराज नागर, एलपी सिंह,हेमराज, पवन चांदना, राकेश मल्होत्रा, यशपाल गौरव, रविन्द्र चावला, राजथीप सिंह, डॉ सुमित वर्मा, सतीश फौगाट सहित अन्य कई औद्योगिक संगठनों तथा आरडब्लूए व शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानव रचना में साइबर सुरक्षा व डिजिटल फोरेंसिक पाठ्यक्रम शुरू होंगे

## संबंधित आधुनिक क्षेत्रों के बारे में छात्रों व संकाय सदस्यों को दी जाएगी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक जैसे पाठ्यक्रम शुरू होंगे। इसके लिए संस्थान ने एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमआरआईआईआरएस से रजिस्ट्रार श्री आरके अरोड़ा और एचसीएल से डायरेक्टर एचआर श्री आशीष भल्ला और साइबर सिक्योरिटी वाइस प्रेजिडेंट श्री परीक्षित गोयल ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। मौके पर एमआरआईआईआरएस के उप कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव, प्रति उपकुलपति प्रदीप कुमार, डायरेक्टर जनरल एमआरआईआईआरएस आरके आनंद, जीएम व प्रमुख सीआरसी राखी प्रुथी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जानकारी देते हुए श्री आरके अरोड़ा ने बताया कि एमओयू के तहत छात्रों व संकाय सदस्यों को संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी देकर कुशल बनाया जाएगा। इस एमओयू के तहत संस्थान में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीजी स्तर पर पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसमें, छात्रों को व्यावहारिक केस अध्ययनों से अवगत कराया जाएगा और उद्योग से संबंधित समस्याओं पर विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनी छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक से जुड़े उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में भी मार्गदर्शन देगी। श्री प्रदीप कुमार ने संबोधन में कहा कि एमओयू के तहत संबंधित क्षेत्रों में उद्योगों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने और छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए भी सहयोग मिलेगा। राखी प्रुथी ने कहा कि संस्थान कंपनी के साथ मिलकर नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में अनुसंधान की दिशा में भी काम करेगा। इसके जरिए छात्र साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में करियर की राह तराश सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों के साथ चर्चा सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान एक्सपर्ट्स ने छात्रों को संबंधित विषयों के बारे में बताते हुए उनके सवालों के जवाब दिए।

# पलवल: कुएं में मिले लापता दो लड़कों के शव मिले

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
पलवल में केजीपी एक्सप्रेस-वे के निकट सुजवाड़ी गांव के जंगल में दोपहर बाद दो युवकों के शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों तीन दिन से लापता थे और परिजन तलाश में लगे थे।
ग्रामीणों ने दोनों शवों को कुएं से निकाला और दोनों की हत्या का आरोप लगाते हुए कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों् को सौंपा।

# ईएसआई हॉस्पिटल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के साथ बेहतर संवाद व सामंजस्य स्थापित करने के लिए हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस आउटरीच अभियान के तहत जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे जनसंवाद, पौधारोपण व हेल्थ चेकअप कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृंखला में विकास एवं पंचायत विभाग तथा वन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में ह्लएक पेड़ विश्वास का अभियानह्व शुरू किया गया है जिसके तहत आज बुधवार को सेक्टर-8 स्थित ईएसआई हॉस्पिटल में डॉक्टर



पुनीत बंसल के नेतृत्व में डॉक्टर माधवी सिंह, डॉक्टर प्रीता सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने पौधारोपण किया। डा पुनीत बंसल ने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और पौधा लगाने के बाद उसकी देखभाल अवश्य करें। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें व अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सभी ने 150 पेड़ लगाकर कार्यक्रम को संपन्न किया।

# निर्माणाधीन धनवापुर अंडरपास का स्लैब गिरा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
शहर में धनवापुर रेलवे फाटक पर बनाए जा रहे अंडरपास का गुरुवार देर शाम स्लैब गिर गया। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई और 8 मजदूर दबकर घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे से वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों में रोष है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव का कार्य शुरू किया।
जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह गुरुवार को भी धनवापुर अंडरपास के निर्माण के काम में मजदूर लगे हुए थे। देर शाम को इस अंडरपास का एक स्लैब अचानक गिर गया। इस दौरान वहां




पर काम कर रहे मजदूर दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही वहां हा-हाकार मच गया। काफी लोग भी वहां पर जमा हो गये। साथी मजदूरों को बचाने के लिए बाकी मजदूर प्रयास कर रहे थे। सूचना पाकर पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव का काम शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत से स्लैब के नीचे दबे लोगों को निकाला गया। कुल 9 मजदूर इसमें दबे थे, जिनमें से 1 मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान यूपी के बदायूं निवासी गुड्डू के रूप में हुई है। बाकी घायल 8 मजदूरों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# यज्ञ प्रक्रिया के साथ हुआ नवागंतुक छात्रों के शिक्षण सत्र का आगाज



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा महाविद्यालय में नवागंतुक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने नवागंतुक विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनायें दीं। उन्होनें सभी विद्यार्थियों को डी.ए.वी. महाविद्यालय के नामकरण दयानंद एंग्लो वैदिक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डी.ए.वी. संस्था की स्थापना के जब 1985 में 100 वर्ष पूरे हुए तो इस महाविद्यालय की नींव शताब्दी नाम के साथ रखी गई` आप सभी को इस महाविद्यालय में एक बेहतर शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्रियाकलापों जैसे संगीत, नृत्य, गायन, भाषण, श्लोक उच्चारण, आदि में भी शिरकत करने ० अपने हुनर को निखारने का भी मौका मिलेगा` आप सभी का इस महाविद्यालय में स्वागत है` एक प्रधानाचार्य होने के नाते उन्होंने सभी को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया` महाविद्यालय में स्थित कैंटीन में समय व्यर्थ न करने ० कक्षा में मोबाइल फोन का इस्तेमाल कम-से-कम करने की नसीहत भी दी` स्कूल से उत्तीर्ण होने के बाद आपके जीवन में परिवर्तन होना चाहिए और ये परिवर्तन सकारात्मक होना चाहिए जिससे हम जीवन में बेहतर मुकाम हासिल कर सकें` इसके लिए महाविद्यालय में बेहतर शिक्षण व्यवस्था के साथ बेहतरीन शिक्षक भी हैं जो आपको शिक्षा देने के साथ-साथ आपके लिए हर वो सहायता मुहैया करने के लिए तत्पर हैं जिसकी आपको जरूरत है
` इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी हुडा, डॉ. अंकिता मोहिंद्रा, डॉ. प्रिया कपूर, मैडम रचना कसाना, रश्मि रतूड़ी, डॉ. ममता, डॉ. अमित शर्मा, वीरेंद्र सिंह, डॉ. राघवेंद्र पालीवाल,आदि मौजूद रहे`

# नूंह हिंसा में सबसे पहले साइबर पुलिस थाना पर हुआ था हमला: प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा है कि 27 जुलाई को जिला उपायुक्त ने पीस कमेटी के साथ बैठक करके सीआईडी के इनपुट बता दिए थे। पीस कमेटी ने जिला प्रशासन को आश्वासन दिया था कि किसी भी सूरत में हालात नहीं बिगड? दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पिछले तीन साल से चल रही है और इसकी बकायदा मंजूरी ली गई थी। नूंह हिंसा में सबसे पहले साइबर पुलिस थाने पर हमला हुआ था। गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में प्रसाद ने बताया कि प्रशासन ने इनपुट के आधार पर पहले से ही वहां दस कंपनियों को तैनात किया था। इसके बावजूद हिंसा भडकी तो उसे केंद्र की मदद से करीब चार घंटे में नियंत्रित कर लिया गया। उन्होंने कहा कि अभी पुलिस की अलग-अलग टीमें, फोरेंसिंक की टीमें हिंसा की जांच कर रही हैं। प्रांरभिक जांच में कई तरह के सुराग मिले हैं। प्रसाद ने कहा कि पुलिस ने कुछ समय पहले नूंह में एक आप्रेशन चलाकर 150 से अधिक साइबर अपराधियों को पकड़ा था। इसके बावजूद अभी भी कुछ लोग नूंह के गांवों में बैठकर साइबर क्राइम की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई की पुलिस तैयारी कर रही थी।

# डीसीपी कादियान ने सीमा सुरक्षा बल के साथ पैदल मार्च निकाल आमजन को भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान ने सीमा सुरक्षा बल टीम के साथ एनआईटी एरिया में पैदल मार्च निकालकर आमजन को शांति व्यवस्था कायम रखने तथा भाईचारे की भावना को बढ़ाने का संदेश दिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी एनआईटी ने आज पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बिठाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी



संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। यह पैदल मार्च फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में निकलकर आमजन को जागरूक करके शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया जाएगा। पैदल मार्च के दौरान डीसीपी ने आमजन को सामाजिक शांति व्यवस्था कायम रखने तथा भाईचारे की भावना बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में रह रहे नागरिक पुलिस का सहयोग करके शहर में शांति व्यवस्था को कायम रखने में पुलिस की मदद कर सकते हैं। इसलिए आमजन पुलिस से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत 112 पर दें ताकि पुलिस समय पर कार्यवाही करके कानून व्यवस्था को कायम रख सके।
किसी भी प्रकार के भड़काऊ बयानबाजी करने या भड़काऊ भाषण देने पर पुलिस द्वारा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नेहरू कॉलेज में दाखिले की एवज में रिश्वत को लेकर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
आज एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकताओं और छात्रों ने दाखिले में हो रही धांधली को लेकर और दाखिले के एवज में ली जा रही रिश्वत के खिलाफ एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने कहा कि उनके पास कल एक छात्र की शिकायत आई थी कि उससे दाखिले की एवज में 7000 रुपये रिश्वत ली गई है तो उन्होंने उस छात्र को आज प्राचार्या से लिखित में शिकायत करने को कहा था लेकिन वो छात्र जब



प्राचार्या से मिला तो उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि कई बार छात्रों की शिकायत आती है कि दाखिले के नाम पर रिश्वत ली जा रही है लेकिन आश्चर्य वाली बात ये है कि छात्र के द्वारा शिकायत करने के बाद भी कॉलेज प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है जोकि चिंताजनक विषय हैं। वही कृष्ण अत्री ने दूसरी समस्या के बारे में बताते हुए कहा कि कॉलेज में दाखिले में भी बहुत बड़ी धांधली देखने में आ रही है। उन्होंने बताया कि कम प्रतिशत वाले छात्रों को दाखिला दिया जा रहा हैं और ज्यादा प्रतिशत वाले छात्र बिना दाखिले के घूम रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई सिफारिश नहीं है।
उन्होंने बताया कि 24 जुलाई से ओपन कॉउंसलिंग चल रही हैं जिसके तहत "पहले आओ पहले पाओ" पद्धति को अपनाया जाता है जो भी छात्र दाखिले के लिए कॉलेज आते हैं और उनके चाहे कितने भी नंबर हो और उस कक्षा में सीट उपलब्ध है तो दाखिला कमेटी उस छात्र को दाखिला देने के लिए प्रतिबंधित है लेकिन यहाँ तो उल्टा ही देखने में आ रहा है, छात्र कई दिनों से चक्कर काट रहे है और सीट भी उपलब्ध है लेकिन उनको दाखिला नहीं हो पा रहा है। कृष्ण अत्री ने बताया कि इस तरह की मनमानी पर शिक्षा विभाग और भाजपा-जजपा सरकार को ध्यान देना चाहिए और इस पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेते हुए रोक लगानी चाहिए ताकि गरीब-किसान-मजदूर परिवारों के बच्चों का हक ना मारा जाए औ? छात्रों को दाखिला मिल जाये। इस मौके पर छात्र नेता आरिफ खान, पुनीत सहरावत, मनीष चौधरी, अंकित, सोनाक्षी, राजू, मुस्कान, डालचंद, राहुल दीक्षित, समीर, निपुण पंडित, दिन्नु, देव, अंशुल, कुणाल, मन्नू तथा अन्य दर्जनों छात्र मौजूद थे।

# अगले दो दिनों तक आठ शराब के ठेकों को करवाया बन्द: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि अगले दो दिनों तक आठ शराब के ठेकों को बंद करवाया गया है। डीसी ने कहा कि यह निर्णय नूंह प्रकरण के मद्देनजर लिया गया है। इस घटना के बाद समाज के विभिन्न समुदायों के लोगों / संगठन में विशेष रोष होने के कारण शराब के ठेकों को बंद करने आदेश दिए गए हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि



वर्तमान में व्यवस्था एवं सामाजिक परिस्थितियों के मद्देनजर गत 02.08.2023 को मध्यरात्रि से बंद कराए गए शराब के ठेकों को अगले 2 दिन तक और बन्द करवाया गया है। इनमें मेवला महाराजपुर फ्लाईओवर सेक्टर-31, राजीव चौक सेक्टर-31, पल्ला व शराब ठेका सेक्टर-37 बाईपास रोड सराय, बाईपास रोड नजदीक किसान मजदूर कालोनी ओल्ड फरीदाबाद, जैतपुर रोड इस्माईलपुर पल्ला, गांव खोरी जमालपुर, धौज, शराब ठेका सेक्टर-48 नियर सोसायटी, एसजीएम नगर और एम.एस. हरपाल नियर राम धर्म कांटा नीलम बाटा रोड शामिल है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## वडोदरा में क्रेन टूटने से 1 की मौत, 7 घायल

**टीम एक्शन इंडिया/वडोदरा**
वडोदरा जिले के कंबोला गांव के पास बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में लगी एक क्रेन के टूट जाने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 1 मजदूर की मौत हो गई और 7 घायल हो गए। घायलों में एक मजूदर के पैर में गंभीर चोटें आई, जबकि अन्य 6 को मामुली चोटें आई हैं। घायलों को वडोदरा के हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।
**गार्डर रखने के दौरान हुआ हादसा:** गुरुवार सुबह एक क्रेन बुलेट ट्रेन के ब्रिज का गार्डर रख रही थी थी। इसी दौरान क्रेन का तार टूट गया और क्रेन का एक हिस्सा मजदूरों पर आ गिरा। मौके पर मौजूद इंजीनियर और अन्य मज़ूदरों ने सभी घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, तब तक एक मजदूर की मौत हो चुकी थी।
**क्रेन का व्हील बेस जाम हो गया था:** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार, वडोदरा के पास करजन में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर निर्माण स्थल पर क्रेन 1100 टन वजनी गार्डर को नीचे उतार रही थी। इसी दौरान अचानक क्रेन का व्हील बेस जाम हो गया और क्रेन का एक हिस्सा टूट गया। एक मजदूर सीधे क्रेन के टूटे हिस्से के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, छह अन्य श्रमिकों को मामूली चोटें आई हैं। घटना को लेकर मजदूरों ने सुपरवाइजर पर गुस्सा जताया. विधायक, मामलतदार समेत अधिकारी और नेता मौके पर पहुंच गए हैं।

## अब भैसारी गांव भी खतरे की जद में

**गुप्तकाशी।** लगातार हो रही बरसात के कारण गुप्तकाशी के निकट भैंसारी गांव के नीचे भू धंसाव होने से अब गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। आलम यह है कि ग्रामीण खौफ से रात को चैन से सो नही पा रहे हैं। वर्ष 2013 की आपदा के बाद मंदाकिनी नदी के कटाव के कारण यहां जगह जगह धंसाव हो रहा है। इससे पूर्व इसी आपदा के दौरान निकटवर्ती सेमी गांव भी बीस फीसद जमीदोंज हो चुका है। प्रशासन ने अति संवेदनशील क्षेत्र में निवासरत पीड़ित परिवारों को अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर बसा दिया है, लेकिन अब भैसारी गांव पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र नेगी, कैलाश बिष्ट आशीष राणा ने बताया की गांव की सुरक्षा देते नदी तट पर पक्की सुरक्षा दीवार निर्मित किए जाने की कई बार मांग की है, लेकिन लम्बा वक्त गुजरने के बाद भी अभी तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो पाया है।

# 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार: द्रौपदी मुर्मू

### सभी भाषाएं मेरी अपनी, राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व के आदर्श का संगम हमारे देश में

संगम

राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व के आदर्श का संगम हमारे देश में दिखाई देता रहता है: राष्ट्रपति





**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने भोपाल में कहा, 'आज 140 करोड़ देशवासियों का मेरा परिवार है। सभी भाषाएं और बोलियां मेरी अपनी हैं। हमारी परंपरा में 'यत्र विश्वम भत्येकनीडम' (जहां सारा विश्व चिड़ियों का एक घोंसला बनके रहे ) की भावना प्राचीनकाल से है। राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व के आदर्श का संगम हमारे देश में दिखाई देता रहता है।' गुरुवार को प्रेसिडेंट भोपाल के रविंद्र भवन में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव में शामिल हुईं। शुभारंभ कर उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद अब तक मेरी सबसे अधिक यात्राएं मध्यप्रदेश में हुई हैं। यह मेरी एमपी में 5वीं यात्रा है।' 'उत्कर्ष उत्सव' 3 से 5 अगस्त तक चलेगा। 'उन्मेष उत्सव' 3 से 6 अगस्त तक चलेगा। देशभर के 500 कलाकार इस कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुति देंगे। संस्कृति मंत्रालय के संगीत नाटक एवं साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। पिछली बार शिमला में यह आयोजन हुआ था। मध्यप्रदेश में पहली बार हो रहा है।
**साहित्य जुड़ता भी है और जोड़ता भी है:** प्रेसिडेंट ने कहा, 'साहित्य और कला ने मानवता को बचाए रखा है। साहित्य जुड़ता भी है और लोगों को जोड़ता भी है। हमारा सामूहिक प्रयास अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखने का होना चाहिए। हमारे जनजाती समुदाय के भाई-बहन और युवा आधुनिक विकास में भागीदार बनें।' प्रेसिडेंट ने कहा, 'भारत में 700 कम्युनिटी के आदिवासी, लेकिन उनकी भाषाएं इससे ज्यादा हैं। भाषाओं को बचाकर रखना लेखकों का कर्तव्य है। यह हम सभी का भी दायित्व है।' कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा, 'दिल, दिमाग और आत्मशक्ति के समन्वय से रचना का सृजन होता है।

### 'आपका स्वागत, लेकिन मणिपुर पर भी प्रतिक्रिया दें'

**राष्ट्रपति** के भोपाल दौरे पर कांग्रेस के विभागों और प्रकोष्ठ की प्रभारी शोभा ओझा ने ट्वीट कर कहा, 'आपका मध्यप्रदेश में स्वागत है। लेकिन, बेहतर होता कि आप पहले मणिपुर के हालातों पर अपनी प्रतिक्रिया देतीं, चिंता जाहिर करतीं। प्रधानमंत्री पर यह दबाव डालतीं कि वे तत्काल संसद को संबोधित करें। आप आदिवासी समाज की आदर्श हैं। रोल मॉडल हैं। आपको 'उत्कर्ष और उन्मेष' जैसे उत्सवों में शामिल होने से ऐसे समय बचना चाहिए, जब देश में आदिवासियों के 'अपकर्ष' और 'दमन' का दुखद और हिंसक दौर अपना विकराल रूप ले चुका है।'
**'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव में ये इवेंट्स होंगे:** 3 से 6 अगस्त तक चलने वाले उत्सव में अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव मनाया जा रहा है। इसमें बहुभाषी कविता पाठ, लेखन पाठ, आदिवासी कवि सम्मेलन, साहित्य के विषयों पर परिचर्चा होगी।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड को संबोधित किया।

## अमृतसर में पुलिस-तस्कर के बीच फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में देर रात पुलिस व तस्कर के बीच फायरिंग हुई। पीछा करते हुए अमृतसर पुलिस ने आरोपी की गाड़ी को टक्कर मार रोक लिया। तलाशी के दौरान तस्कर से अवैध हथियार और तकरीबन 7 करोड़ रुपए की हेरोइन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने थाना चाटीविंड में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अमृतसर स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि तस्कर गुरलाल सिंह पुत्र संतोख सिंह निवासी धनोये खुर्द अपनी नई थार कार में अवैध हथियार और नशीले पदार्थ लेकर तरनतारन से अमृतसर की तरफ आ रहा है। स्थानीय पुलिस की तरफ से टी पॉइंट सुखेवाल पर नाका लगा लिया। आरोपी नाके पर पहुंचा तो उसे कार रोकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और नाका तोड़कर अमृतसर की और भाग गया। पुलिस और तस्कर के बीच कई गोलियां चलीं।

## नीट की तैयारी कर रहे एक और स्टूडेंट का सुसाइड

डिप्रेशन

जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का मुंह पॉलीथिन से ढका था। घटना गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे की है

**टीम एक्शन इंडिया/कोटा**
**कोटा** में कोचिंग स्टूडेंट की मौत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक और स्टूडेंट ने हॉस्टल में सुसाइड कर लिया है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का मुंह पॉलीथिन से ढका था। घटना गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे विज्ञान नगर थाना क्षेत्र के ढकनिया इलाके की है। मृतक मनजोत छाबड़ा (18) पुत्र हरजोत सिंह छाबड़ा रामपुर (उत्तर प्रदेश) की तहसील मिलक क्षेत्र का रहने वाला था। वह यहां एक हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। स्टूडेंट के मौत की सूचना के बाद डीएसपी धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और पुलिस इसे सुसाइड ही मान रही है। **4 महीने पहले आया था कोटा, रूम में अकेला रहता था:** डीएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मनजोत 4 महीने पहले ही कोटा आया और यहां हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। बुधवार शाम करीब 8 बजे बाद वह कोचिंग क्लास अटैंड कर आया था। इसके बाद से वह अपने रूम में ही था। गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे तक जब वह रूम से नहीं निकला तो हॉस्टल में रहने वाले दोस्तों ने उसे कॉल किया। कॉल रिसीव नहीं करने पर रूम में देखा तो अंदर से लॉक लगा हुआ था, जिसके बाद कोचिंग संचालक को सुबह 10 बजे जानकारी दी। कोचिंग से पुलिस को इस घटना के बारे में बताया गया तो टीम करीब सवा दस बजे तक हॉस्टल पहुंची।

## बंगाल में घर पर नहीं रख सकेंगे भारतीय पक्षी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल सरकार का कहना है कि अगर कोई विदेशी पक्षी रखना चाहता है तो लाइसेंस जारी किया जाएगा। इसके लिए व्यक्ति को 15 हजार चुकाने होंगे। पश्चिम बंगाल में अब लोग भारतीय प्रजाति के पक्षियों को घर पर नहीं रख पाएंगे। वन विभाग घर में पक्षियों को रखने पर रोक लगाने के लिए अधिसूचना जारी करेगा। विदेशी पक्षियों को रखने के लिए वन विभाग से लाइसेंस लेना पड़ेगा। कोलकाता के मिनी चिड़ियाघर में 6 अफ्रीकी शेरों को लाया जाएगा।



**भारतीय पक्षियों को पालतू तौर से घर पर नहीं रख सकेंगें:** पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने मंगलवार (1 अगस्त) को कहा कि लोग अब भारतीय प्रजाति के पक्षियों जैसे तोता, कोकैटू, मुनिया आदि को पिंजरे में बंद कर पालतू जानवर के रूप में घर पर नहीं रख पाएंगे। पक्षियों को घर में रखने पर रोक लगाने के लिए वन विभाग जल्द ही एक अधिसूचना जारी करेगा। कानून अगस्त के अंत तक लागू हो जाएगा।
मंत्री मलिक ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति विदेशी प्रजातियों के पक्षियों जैसे मैको को रखना चाहता है तो वन विभाग सभी जरूरी स्थितियों के देखने बाद उसे लाइसेंस जारी करेगा। व्यक्ति को लाइसेंस की फीस के तौर पर 15 हजार रुपए देने होंगे। लाइसेंस के संबंध में एक ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है, जो इस महीने के अंत तक लागू होगा।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

## नाले में 3 साल की बच्ची का धड़ मिला

मचा हड़कंप

बच्ची के लापता होने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने पर डेड बॉडी को मॉचुर्री में रख दिया है

**टीम एक्शन इंडिया/करीमनगर**
**तेलंगाना** के करीमनगर में 3 साल की बच्ची की सिर कटी लाश गुरुवार (3 अगस्त) को नाले में मिली। कृतिका नाम की बच्ची 27 जुलाई से लापता थी। मृतक के माता-पिता मध्य प्रदेश के बालाघाट से करीमनगर शिफ्ट हुए थे। उन्होंने बच्ची के लापता होने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने पर डेड बॉडी को मॉचुर्री में रख दिया है। आखिरी बार बच्ची को सीसीटीवी फुटेज में घर से दूर जाते हुए देखा गया था। मौत के कारण की जांच की जा रही है। **2 अगस्त को कुशीनगर में 12 साल के बच्चे का शव में पानी में उतराता मिला था:** कुशीनगर में को 12 साल के शिवांत का शव पानी में उतराता हुआ मिला था। मृतक के घर वालों का आरोप है कि किडनैप करने के बाद हत्या की गई। वहीं, सीओ कसया कुंदन सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी। फोरेंसिक व डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है। तीन दिन पहले किचन के गेट पर 9 साल की बच्ची की लाश रस्सी से लटकती मिली थी। मामला कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र का है।




**हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होनें से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।**

-व्यवस्थापक